इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक -06 | राजनांदगांव, शुक्रवार 22 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# केन्या ने अदाणी ग्रुप के साथ हुए समझौते को रद्द किया, अमेरिका में लगे आरोपों के बाद लिया फैसला



नई दिल्ली। केन्या की सरकार ने अदाणी ग्रुप के साथ हुए 700 मिलियन के पावर ट्रांसमिशन समझौते को रद्द कर दिया है। इसके अलावा, अडानी ग्रुप का 1.8 बिलियन का प्रस्ताव, जो एक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के विस्तार के लिए था, उसे भी रद्द कर दिया है। इतना ही नहीं केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने देश को संबोधित करते हुए भारतीय कंपनी अदाणी के साथ किए सभी समझौते को रद्द करने की घोषणा कर दी है।

केन्या के राष्ट्रपति रूटो ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत की कंपनी अदाणी ग्रुप के साथ किए 2 बड़े समझौतों को तत्काल खत्म कर दिया है। केन्या की सरकार ने यह फैसला अदाणी ग्रुप पर अमेरिका में लगे रिश्वतखोरी के आरोपों के बाद लिया गया है। राष्ट्रपति रूटो ने कहा कि उन्होंने केन्या के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कंट्रोल को अडानी ग्रुप को सौंपने वाली प्रक्रिया को रद्द करने का निर्देश जारी किया है। इसके अलावा, ऊर्जा मंत्रालय द्वारा अडानी ग्रुप के साथ पिछले महीने साइन की गई, 30 साल की पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप डील को भी रद्द खत्म कर दिया है। यह डील केन्या में बिजली ट्रांसमिशन लाइन बनाने के लिए थी।

### रिश्वतखोरी के आरोप लगने के बाद एक्शन

अडानी ग्रुप पर हाल ही में अमेरिका में रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगे हैं। इन आरोपों के बाद केन्या सरकार ने यह कदम उठाया है। राष्ट्रपति रूटो ने कहा कि उनकी सरकार पारदर्शिता और ईमानदारी के सिद्धांतों पर काम करती है। ऐसे में उन समझौतों को मंजूरी नहीं देगी जो देश की छवि और हितों के खिलाफ हों।

### अमेरिका के आरोपों पर अडानी ग्रुप ने क्या कहा?

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, गौतम अदाणी और सात अन्य पर भारतीय सरकारी अधिकारियों को 265 मिलियन (लगभग 2,200 करोड़ रुपए) रिश्वत देने का आरोप है। हालांकि, अडानी ग्रुप ने इन आरोपों को खारिज किया है। उसका कहना है कि इस मामले में वह कानूनी विकल्पों का सहारा लेगा। इससे पहले केन्या के ऊर्जा मंत्री ओपियो वांडयी ने कहा था कि ट्रांसमिशन लाइन प्रोजेक्ट में कोई रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। बात चाहे जो हो लेकिन केन्या का यह कदम अदाणी ग्रुप के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

## राहुल गांधी का बयान, बोले- पीएम मोदी-अडाणी एक हैं तो सेफ हैं; इसीलिए करोड़ों का घोटाला करके भी जेल से बाहर



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को अमेरिका में गौतम अडाणी पर लगे रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों को लेकर सरकार को घेरा। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि एक हैं तो सेफ हैं। पीएम मोदी और अडाणी एक हैं तो सेफ हैं। इसलिए अडाणी 2000 करोड़ रुपए का घोटाला करके भी जेल से बाहर हैं। यहां 10 से 15 करोड़ के घोटाले के लिए सीएम जेल चले जाते हैं, लेकिन करोड़ों का घोटाला के बावजूद अडाणी जेल से बाहर हैं।

### पीएम मोदी की विश्वसनीयता चूर-चूर

राहुल ने कहा कि गौतम अडाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इसके साथ ही इस मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ भी एक्शन होना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसा नहीं है कुछ नहीं हुआ है। हमने प्रधानमंत्री मोदी की विश्वसनीयता को चूर-चूर कर दिया है। हमने देश के सभी युवाओं के सामने यह साबित कर दिया है कि अडाणी और पीएम मोदी में संबंध हैं। राहुल गांधी ने अडाणी के कथित भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की संयुक्त संसदीय दल (जेपीसी) जांच की मांग की।

### माधबी बुच और अडाणी को बचा रही है सरकार

राहुल गांधी ने कहा कि हमने साबित कर दिया है कि पीएम मोदी भ्रष्ट हैं। हम धीरे धीरे यह बता देंगे कि इस देश को किसने हाईजैक किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गिरफ्तार होंगे इजरायली पीएम नेतन्याहू और रक्षा मंत्री? आईसीसी ने जारी किया अरेस्ट वारंट



नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने गुरुवार को इजरायल के प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री मंत्री योव गैलेंट के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया है। आईसीसी ने नेतन्याहू और गैलेंट पर मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप लगाया है। इसमें हत्या, उत्पीड़न और अमानवीय कृत्यों की बात कही गई। कोर्ट ने आरोप लगाते हुए कहा है कि इजरायल ने गाजा में नागरिकों के लिए भोजन, पानी और चिकित्सा सहायता जैसी आवश्यक आपूर्ति को प्रतिबंधित कर दिया है, जिससे बच्चों की मौत हुई है और कई लोगों को संकट का सामना करना पड़ा।

हेग स्थित आईसीसी ने एक बयान में कहा कि चैंबर ने अरेस्ट वारंट जारी किया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहु और रक्षामंत्री योव गैलेंट पर मानवता के खिलाफ कार्य करने का आरोप है। कोर्ट ने बयान में कहा कि 8 अक्टूबर 2023 से 20 मई 2024 तक किए गए युद्धों में कई निर्दोष लोगों की जानें गई हैं। कोर्ट ने कहा, 'हमने आंकलन किया कि यह मानने के उचित आधार हैं कि नेतन्याहू और गैलेंट गाजा की नागरिक आबादी के खिलाफ जानबूझकर हमलों को निर्देशित करने के युद्ध अपराध के लिए जिम्मेदार हैं।

### 'न्याय के लिए काला दिन'- इजरायली राष्ट्रपति

इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने गिरफ्तारी वारंट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे न्याय के लिए काला दिन बताया। उन्होंने कहा, 'आईसीसी के फैसले ने न्याय को हंसी का पात्र बना दिया है। यह उन सभी के बलिदान का मज़ाक उड़ाता है (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# विकास के लिए महत्वपूर्ण कारक है सुशासन-ओ.पी. चौधरी

**वित्त मंत्री ने सुशासन पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ**



- देशभर में हो रहे नवाचारों, बेस्ट प्रेक्टिसेस और जनोन्मुखी कार्यों पर सम्मेलन में हो रहा विमर्श
- केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय तथा राज्य शासन के सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा नवा रायपुर में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह आज शुक्रवार को समापन सत्र में करेंगे सम्बोधित

रायपुर (दावा)। सुशासन विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। इससे न केवल देश का सुव्यवस्थित विकास होता है, बल्कि यह नागरिकों के जीवन को भी बेहतर बनाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर प्रारंभ हुए स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, जीएसटी, जैम पोर्टल, डिजिटल इनक्लुजन जैसे नवाचारों ने देश में बड़ा बदलाव लाया है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज नवा रायपुर में केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग तथा छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा सुशासन पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए ये विचार व्यक्त किए। छत्तीसगढ़ सहित देशभर से आए भारतीय प्रशासनिक सेवा और केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अधिकारी सम्मेलन में सुशासन के लिए किए जा रहे नवाचारों, बेस्ट प्रेक्टिसेस और जनोन्मुखी कार्यों पर विमर्श कर रहे हैं।

नागरिक केंद्रित सुशासन पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को 55 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में ब्यूरोक्रेट्स की महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने सम्मेलन में भागीदारी कर रहे विभिन्न राज्यों के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से कहा कि सुशासन, नवाचार और बदलाव के लिए खुद को ट्रांसफॉर्म करना होगा, ताकि आप लोगों की प्रतिभा और व्यक्तित्व में क्षरण न हो। समय के साथ स्वयं को बदलने वाले ही प्रासंगिक रहेंगे। श्री चौधरी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और सुशासन से वर्ष 2047 तक 55 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगी।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सम्मेलन में कहा कि कई कलेक्टर और अधिकारी प्रभावी नवाचार कर रहे हैं। समय और अपने क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप बेहतर नागरिक सेवाएं डिलीवर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सभी अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने की जरूरत है, तभी कल्याणकारी पहलों को नागरिकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्रति नजरिया तेजी से बदलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सम्मेलन में दो दिनों तक होने वाले नवाचारों, बेस्ट प्रेक्टिसेस और सुशासन के कार्यों की चर्चा से राज्य के अधिकारी भी प्रेरित होंगे और उन्हें यहां लागू करने की पहल करेंगे।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन की सफलता तभी है जब हम जिनके लिए काम कर रहे हैं, उनके चेहरों पर मुस्कान ला पाएं। आपके लाभार्थी आपके कार्यों से संतुष्ट हैं, तो वही सुशासन की सफलता है। सुशासन के लिए लक्षित लोगों तक योजनाओं और कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पहुंचाने के लिए अच्छी नीयत सबसे ज़रूरी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में विभिन्न विकास प्राधिकरणों के गठन, रायपुर में कैनाल लिंकिंग रोड, एक्सप्रेस वे के निर्माण जैसे कई उदाहरण देते हुए कहा कि शासन-प्रशासन में यहां भी कई नवाचार हो रहे हैं। क्षेत्रीय और स्थानीय जरूरतों को देखते हुए उनके अनुरूप लोगों के कल्याण के काम हो रहे हैं। केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के अतिरिक्त सचिव श्री पुनीत यादव ने उद्घाटन सत्र में कार्मिक एवं जन शिकायतों के निराकरण के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया की कई डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर तेजी से शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। देश के विभिन्न भागों में हो रहे नवाचार, बेस्ट प्रेक्टिसेस और सुशासन के कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित और पुरस्कृत किया जा रहा है।

आज के पहले सत्र में चार राज्यों में हो रहे अलग-अलग नवाचारों को साझा किया गया। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक एस.एन. त्रिपाठी ने इस सत्र की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दिल्ली चुनाव के लिए आप की पहली लिस्ट जारी

**11 में से 6 प्रत्याशी कांग्रेस-भाजपा से आए नेता**




नई दिल्ली। दिल्ली चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने 11 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है, इस लिस्ट में 6 ऐसे उम्मीदवारों के नाम हैं, जो हाल ही में कांग्रेस या बीजेपी छोड़कर आप में शामिल हुए हैं,

बता दें कि दूसरी पार्टियों से आप में शामिल हुए जिन 6 नेताओं को टिकट मिला है, उन्हें खुद अरविंद केजरीवाल ने पार्टी में शामिल कराया था, इनमें 2 ऐसे नेता भी शामिल हैं, जो भाजपा से विधायक रह चुके हैं।

### छतरपुर से ब्रह्म सिंह तंवर चुनाव लड़ेंगे

बता दें कि भाजपा के सीनियर लीडर रहे और तीन बार के विधायक ब्रह्म सिंह तंवर ने हाल ही में 31 अक्तूबर को आप का दामन थाम लिया था, तंवर ने ठीक दिपावली के दिन दिल्ली के पूर्व सीएम और आप चीफ अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में (शेष पृष्ठ 6 पर...)







# छत्तीसगढ़ में 5.37 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

- अब तक राज्य के लगभग 1.16 लाख से अधिक किसानों ने बेचा धान
- धान खरीदी के एवज में किसानों को 971.16 करोड रूपए का भुगतान



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में अनवरत धान खरीदी का सिलसिला जारी है।

14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी अभियान में अब तक 5.37 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 1.16 लाख से अधिक किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 971 करोड़ 16 लाख रूपए का भुगतान किया गया है।

धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# ठंड बढ़ते ही गर्म कपड़ों का बाजार हुआ गर्म

## फ्लाई ओवर नीचे, सर्विस लेन, शिवाजी पार्क समीप सजी गर्म कपड़ों की दुकानें, हटेगी बूढ़ासागर नजदीक लगी गर्म कपड़ों की दुकानें

**राजनांदगांव (दावा)। कार्तिक पूर्णिमा मनाने के साथ ही ठंड में इजाफा होने लगा है। मौसम विभाग ने भी बता दिया है कि द्रोणिका के प्रभाव के चलते हवा में नमी की मात्रा घटने के कारण तापमान में गिरावट आ रही है।**

अंचल में ठंड बढ़ने के साथ गर्म कपड़ों की मांग बढ़ने लगी है। शहर? में गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है।

महावीर चौक के समीप फ्लाई ओवर के नीचे, सर्विस लेन व बूढ़ासागर शिवाजी पार्क के सामने गर्म कपड़ों की दुकानें सजी हुई है। चूंकि बूढ़ासागर शिवाजी पार्क व गुरुद्वारा के सामने बड़ी संख्या में गर्म कपड़ों की दुकानें लगाई जाने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है व अघोषित रूप से गर्म कपड़ों का बाजार बनाए जाने से नाराज निगम द्वारा उन गर्म कपड़ों के व्यवसायियों को वहां से हटाए जाने की चेतावनी दें दी है और उन्हें शीतला मंदिर रोड में दुकान लगाने के लिए निर्देशित किया है। हांलाकि गर्म कपड़े के दुकानदार वहां से हटने के लिए ना-नुकुर कर रहे थे लेकिन निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा कड़ा रुख अख्तियार किए जाने से दुकानदार शीतला मंदिर रोड में गर्म कपड़ों की दुकान लगाने के लिए मान गए हैं।



### निगम आयुक्त ने लिया एक्शन

### शीतला मंदिर रोड में सजेगी गर्म कपड़ों की दुकानें

बता दें कि शहर में महावीर चौक के समीप फ्लाई ओवर के नीचे तिब्बतियों द्वारा महिने भर से गर्म कपड़ों का दुकान सजाए हुए हैं। इनके द्वारा निगम को राजस्व दिया जाता है। इससे निगम का फायदा होता है लेकिन बुढ़ा सागर शिवाजी पार्क व गुरुद्वारा के समीप गर्म कपड़ों का दुकान लगाने वाले व्यवसायी निगम को टैक्स नहीं देते और उक्त क्षेत्र के आवागमन के मार्ग को बाधित करते हैं। इस पर निगम आयुक्त द्वारा एक्शन लेते हुए उन्हें वहां से हटने की चेतावनी दें दी है, साथ ही कहा है चूंकि फ्लाई ओवर के नीचे तिब्बती लोगों की गर्म कपड़ो की दुकानें हैं जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित होता है इसलिए उन्हें फ्लाई ओवर वाले गर्म कपड़ों की दुकानें से दूरी बनाए रखना जरुरी है। बहरहाल सड़क किनारे गर्म कपड़ों के दुकान लगाने वाले फुटकर व्यवसायी शीतला माता मंदिर रोड में दुकान लगाने के लिए मान गए हैं। आज से शीतला मंदिर रोड में गर्म कपड़ों की दुकानें सजी हुई देखी जा सकेगी।

### रात में लुड़का तापमान

मौसम विभाग के बताए अनुसार द्रोणिका के प्रभाव व उत्तर भारत से आ रही ठंड के कारण शहर सहित जिले भर में ठंड बढ़ने लगी है। रात का तापमान तेजी से लुढ़का है। बुधवार को कुछ ज्यादा ही ठंड महसूस किया गया। इसका विपरीत असर स्वास्थ्य पर भी देखा जा रहा है और लोग सर्दी -खांसी, वायरल फीवर आदि से प्रभावित होने लगे हैं। बता दें कि पखवाड़े भर में तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। राजस्व विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है वहीं अधिकतम तापमान भी अब 35 से 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो रहा है। इस तरह ठंड में अचानक बढ़ोतरी दर्ज होने गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई हैं। शहर व अन्य कस्बों में उनी कपड़ों की दुकाने सजी हुई हैं जहां लोग गर्म कपड़ों की खरीदारी करते नजर आ रहे हैं।

### फ्लाई ओवर नीचे सजी गर्म कपड़ों की दुकानें

शहर सहित अंचल भर में ठंड का इजाफा होते ही गर्म कपड़ों की मांग में बढ़ोतरी देखी जा रही है। शहर में मुख्य मार्केट गोल बाजार, सिनेमा लाइन, गुड़ाखू लाइन आदि क्षेत्रों के कपड़ा दुकानों सहित महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे गर्म कपड़ों की दुकानें सजी हुई है जहां लोग कंबल, स्वेटर, जर्किन , सहित अन्य गर्म कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं।

फ्लाई ओवर के नीचे आधा दर्जन से ज्यादा की संख्या में लगी गर्म कपड़ों की दुकानें में वेल्वेट,बम्फर जैकेट, जर्किन आदि गर्म कपड़ों की खासी मांग बनी हुई है। तिब्बत क्षेत्र से हर साल यहांआकर गर्म कपड़ो का दुकान लगाने वाले व्यवसायी कर्मा लोड्रू ने बताया कि उन वाला स्वेटर 700 रुपए से चालू है वहीं जैकेट 1200 से स्टार्ट है। इसी तरह लोडर 2800 रुपए व जर्किन 13-14 सौ से लेकर 1800 रुपए दाम बताया। मंकी केप, दस्ताने 100 से 200 रुपए व शाल की कीमत 5-7 सौ रुपए से लेकर हजार डेढ़ हजार रुपए तक के कीमत की बताई।

## पहला कॉलम...

### सफाई को लेकर नगर निगम आयुक्त से हुई सार्थक चर्चा



राजनांदगांव (दावा)। शहर की मूलभूत समस्या, पानी, बिजली, सड़क, सफाई को लेकर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा से मिलकर सार्थक चर्चा कर त्वरीत निराकरण करने के लिए आग्रह किए। उक्त अवसर पर श्री शिव वर्मा, संजय लड्डवन, नरेंद्र हंसा, अंकित गढ़वाल, राकेश कसार, पप्पी भाटिया, संजू बघेल, धीरज हंसा, रमेश सागरवंशी, सतीश रेवतकर, राजेश यादव उपस्थित थे।

### रेगाकठेरा में नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों का सेवन विषय पर कार्यशाला आयोजित

ठेलकाडीह (दावा)। नेहरू युवा केंद्र के द्वारा नितिन शर्मा जिला युवा अधिकारी राजनांदगांव के नेतृत्व में ग्राम रेगाकठेरा में नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों का सेवन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के युवा युवतियों को नशा करने से होने वाले नुकसान शारीरिक मानसिक होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दिया एवं नशा न करने के फायदे के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया, साथ ही युवाओं को देश के भविष्य जो नशा के विरुद्ध एवं अपने आसपास में खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया, जिसमें नेहरू युवा केंद्र के अकाउंटेड तपन साहू, स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा, रुद्र कुमार एवं सभी युवक-युवती उपस्थित रहे।

### श्रीमती राजिम बाई चंद्रवंशी का निधन




डोंगरगढ़ (दावा)। समीपस्थ ग्राम भंडारपुर निवासी श्रीमती राजिम बाई चंद्रवंशी का 85 वर्ष की उम्र में दोपहर 1 निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम भंडारपुर में शाम 4 बजे किया गया। वे नगर पालिका में पदस्थ बड़े बाबू जगीन चंद्रवंशी की माताजी थी। श्रीमती चंद्रवंशी बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। उनके निधन पर नगर पालिका परिवार विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### सरदार स्वर्ण सिंह भाटिया का निधन



डोंगरगढ़(दावा)। स्थानीय सिख समाज के वरिष्ठ नागरिक स्वर्ण सिंह भाटिया का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में प्रातः 11 बजे किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक लोग शामिल हुए। उनके निधन पर सिख समाज विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज से, रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
तीजा के लुगरा-2
कलाकार -करण खॉन-प्रकाश अवस्थी, सीमा सिंग, शिव कुमार आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
22nd Nov to 28th Nov 2024
silver SCREEN




Beta (C.G) - 12:15 pm
Pushpa 1 - 12:00 & 06:00 pm
Kanguva - 03:00 & 09:15 pm
The Sabarmati Report - 06:30 & 09:00 pm
Naam - 03:15 & 06:15 pm
Karan Arjun - 12:30 pm
Bhool Bhulaiyaa 3 - 03:30 & 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# रात्रिकालीन 7ए साइड हॉकी प्रतियोगिता का खिताब दिग्विजय क्लब ने अपने नाम किया

## ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए जिससे खिलाड़ी निखार के सामने आए- नीलू शर्मा



राजनांदगांव (दावा)। जिला हॉकी संघ के मार्गदर्शन में सीनियर मॉर्निंग हॉकी ग्रुप द्वारा आयोजित स्व. सुरजीत कौर स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का आज रंगारंग समापन समारोह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में नीलू शर्मा प्रदेश प्रवक्ता (भाजपा) के मुख्यातिथ्य, शिव वर्मा (पूर्व नेता प्रतिपक्ष), ऋषि शास्त्री (पार्षद), कुलबीर सिंह भाटिया, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, शिवनारायण धकेता (सचिव जिला हॉकी संघ), नीलम जैन, भूषण सॉव, सुश्री आशा थॉमस (कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी) के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

आयोजन के मुख्य अतिथि नीलू शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजनांदगांव हॉकी की नर्सरी के नाम से पूरे देश मे जाना जाता है जिला हॉकी संघ के मार्गदर्शन में स्व. सुरजीत कौर स्मृति रात्रकालीन 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है, मैं यह प्रथम बार देख रहा हूँ कि हॉकी का मैच रात्रिकालीन में आयोजित किया जा रहा है ऐसे आयोजनों से ही हमारे राजनांदगांव के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल का प्रदर्शन कर रहे है और कर भी चुके है जैसे कि रेणुका यादव ने ओलंपिक खेल कर पहली छत्तीसगढ़ की महिला ओलम्पियन रिकार्ड अपने नाम किया है साथ भाई मृणाल चौबे ने भी अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेल में अपना प्रदर्शन दिखाया है और मुझे जानकारी मिली है कि वर्तमान में राजनांदगांव की अनिशा साहू व ग्राम बोड़ला जिला कबीरधाम की गीता यादव अभी नीदरलैंड में जूनियर इंडिया टीम के ओर से खेलने गए है।

यह छत्तीसगढ़ के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि हमारे प्रदेश की बिटिया हमारे जिले व प्रदेश का नाम रौशन कर रही है। स्व. सुरजीत कौर स्मृति 7ए साइड हॉकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मैच लालबाग विरुद्ध दिग्विजय क्लब के मध्य खेला गया जिसमें दिग्विजय क्लब ने लालबाग को 4-1 गोल से पराजित करते हुए खिताब अपने नाम किया इस एकतरफा मुकाबले में दिग्विजय क्लब की ओर से 2 गोल करण साहू ने और यजत कौशिक और अमित माथुर ने 1-1 गोल किया था वहीं लालबाग के टीम के ओर से किशोर धीवर ने मात्र 1 गोल की कर पाए। फाइनल मैच के पूर्व बालिका वर्ग में राजनांदगांव ग्रीन विरुद्ध राजनांदगांव रेड के मध्य खेला गया जिसमें निर्धारित समय तक दोनों ही टीम 0-0 गोल की बराबरी पर रही और राजनांदगांव ग्रीन ने शूटआउट पर मैच को 3-2 गोल से जीत लिया।

इस अवसर पर अतिथियों का पुष्पमाला व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत भी किया गया अतिथियों ने मैदान में पहुचकर प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल कादिर ने किया व भूषण सॉव ने आभार प्रदर्शन किया।

# शांतिनगर में निर्मित सामुदायिक भवन का महापौर ने किया लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड विकास की कडी में नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 10 स्थित शांतिनगर में शीतला माता मंदिर के पास महापौर निधि अंतर्गत 3.60 लाख एवं पार्षद निधि अंतर्गत 3.00 रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया।

इस अवसर पर जिला योजना समिति के सदस्य सिद्धार्थ डोंगरे, वार्ड की पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, पूर्व पार्षद नारायण यादव, पार्षद प्रतिनिधि संचिन टुरहाटे विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व वार्ड के उत्तरा निषाद, लक्ष्मी साहू, रहीन वर्मा, राजीन यादव, बिन्दु साहू, कुन्ती वर्मा, मीना, सत्यभामा, गोदावरी पटेल, पायल बारमाटे, राजू वर्मा द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने शीतला माता की पूजा अर्चनाकर सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया।

लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि, वार्डवासियों की मांग पर महापौर निधि व पार्षद निधि से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण होने से अब वार्ड के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिये वार्ड में ही एक उचित स्थान मिल गया। उन्होंने कहा कि वार्डवासियो की मांग पर इसी प्रकार विकास कार्य वार्डो कराये जाते है। इस अवसर पर उप अभियंता डागेश्वर कर्ष सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# कोतवाली पुलिस ने आदतन आरोपी को किया गिरफ्तार




### आरोपी के कब्जे लोहे के धारदार चाकू जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के एक आदतन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। आरोपी का नाम हेमंत उर्फ सोनू गोंड पिता नेमीचंद गोंड उम्र 22 साल निवासी बैगापारा अटल आवास लखोली वार्ड नं. 32 बताया जाता है।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी संजय बरेठ ने बताया कि प्रार्थी चिन्टू रजक पिता स्व. दिलीप रजक उम्र 17 साल निवासी राजीव नगर लखोली द्वारा थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि गुरूवार 21 नवंबर को सुबह करीब 8 बजे अपने घर से ई-रिक्शा लेकर सवारी लेकर कुंआ चौक लखोली मे छोड़कर वापस जाने के लिए सुबह लगभग 10:30 बजे घटना स्थल शीतला मंदिर के पास लखोली पहुंचा था तभी सोनू गोंड निवासी बैगापारा अटल आवास लखोली मोटर सायकल से आया और मेरा ई-रिक्शा को रोका। जब वह रिक्शा से नीचे उतरा तो तुमको मै कब से ढूंढ रहा हूॅ, कहते हुए अकारण मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए हाथ थप्पड से मारपीट करने लगा और अपने पास रखे चाकू को निकालकर मेरे गले में मार रहा था तभी तुरंत झुककर भागने लगा तब मेरे पीछे कमर पर चाकू लगा। उसने बताया कि सोनू गोंड द्वारा हत्या करने की नीयत से अश्लील गाली-गलौच कर चाकू से मारकर चोट पहुंचाया है। उक्त रिपोर्ट पर अप.क्र. 723/24 धारा 109, 296 भारतीय न्याय सहिता कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

श्री बरेठ ने बताया कि आरोपी सोनू गोंड़ आदतन आरोपी है इसके विरूद्ध पूर्व में अप.क्र. 145/22 धारा 25 आर्म्स एक्ट, अप.क्र. 364/24 धारा 34(1) आबकारी एक्ट, अप.क्र. 534/24 धारा 34(1) आबकारी एक्ट कायम कर चालान किया गया है तथा प्रतिबंधक धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

# निगहबान हैं त्रिनेत्रम, राजनांदगांव देश का पहला जिला है जहां सामुदायिक सहयोग से पूरे शहर को अत्याधुनिक कैमरों से लैस



राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। आज हम बात कर रहे हैं छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की, जहां पुलिस प्रशासन ने सामूहिक सहयोग से पूरे शहर को अत्याधुनिक कैमरों से लैस कर दिया है। इस पहल से निश्चित रूप से अपराध रोकने, यातायात प्रबंधन और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। कैमरे आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए सहायक होते हैं और साक्ष्य जुटाने में भी उपयोगी होते हैं। राजनांदगांव के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा क्रियान्वित त्रिनेत्रम योजना अपराध नियंत्रण में एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रही है।

त्रिनेत्रम योजना की सबसे खास बात यह है कि इसे जनता के सहयोग से सफल बनाया गया है। इस पहल से न केवल पुलिस की कार्यकुशलता बढ़ी है, बल्कि अपराधियों में भी भय पैदा हुआ है। इस पहल के अंतर्गत पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद और विश्वास का भी निर्माण हुआ है। जिससे नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के इस अभिनव प्रयास ने यह साबित कर दिया है कि तकनीकी साधनों और सामुदायिक सहभागिता से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। त्रिनेत्रम योजना आने वाले समय में राजनांदगांव को और भी अधिक सुरक्षित और शांतिपूर्ण शहर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-5-8
136-0 259-6
राजधानी
3-4-9
246-2 368-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# युवक से 3600 एमएल जम्मू स्पेशल अंग्रेजी शराब जप्त



राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वालो के खिलाफ कार्रवाई की है। चौकी चिखली प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत गुरुवार 21 नवंबर को पुख्ता सूचना के आधार पर अवैध शराब बिक्री हेतु ले जाते हुए आरोपी दीपक देशलहरे पिता मोती प्रसाद देशलहरे उम्र 35 साल निवासी डुमरडीहखुर्द थाना घुमका के कब्जे से 20 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल 3600 एमएल कीमती 2600 रूपये को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में श्री बंजारे सहित महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक सिन्धु सिन्हा, कमल साहू एवं चौकी चिखली स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

ईश्तहार

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक श्री गोपाल प्रसाद पिता गौरीशंकर निवासी बांधाबाजार, तहसील अं.चौकी जिला मोहला मानपुर अं.चौकी द्वारा ग्राम जोरातराई स्थित भूमि खसरा नं. 492/4 रकबा 0.3850 हे./3850 वर्गमीटर भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन कर पुनर्निर्धारण करने आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा, बी-1 एवं बयनामा की छायाप्रति की प्रति सहित आवेदन पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति व उजर हो तो अपना दावा/आपत्ति दिनांक 04/12/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समय बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मोहला
जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव
जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

ईश्तहार

क्रं./...... प्रवा. -3 / अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव, दिनांक 08/11/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीराम पिता बिजेलाल, निवासी मोतीपुर, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम धरमापुर, पटवारी हल्का नंबर 0030, खसरा नंबर 360/1, रकबा 0.4510 हेक्टेयर में से 25 डिसमिल के आवासीय प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 20/11/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र.161247/निविदा सूचना क्र.06/वलेलि/2024-25, डोंगरगांव दिनांक 20.11.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 11.12.2024 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम-** राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड-डोंगरगांव की सूखानाला बैराज के सुखरी माईनर नहर के आर.डी 2160 मी. से 3660 मी. तक निर्माण कार्य, अर्जुनी सालिक झिटिया माईनर नहर के आर.डी. 0 मी. से 2280 मी. तक केसला माईनर नहर के आर.डी. 0 मी. से 3290 मी. तक केसला सब माईनर नहर क्रमांक-01 आर.डी. 0 मी. से 885 मी. तक, केसला सब माईनर क्रमांक-2 आर.डी. 0 मी. से 2110 मी. तक मचानपार माईनर नहर आर.डी. 0 मी. से 1530 मी. तक जीर्णोद्वार एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य 08 नग व्ही.आर.बी. 02 नग माईनर हेड, 02 नग फाल, 01 नग एस.पी., 01 नगर. डी.सी., 07 नग इनलेट, 72 नगर आउटलेट का निर्माण सहित पुराने स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य।

**अनुमानित लागत-** रू. 469.43 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 27.11.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगांव (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी- 242503944/3

# आज डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल मार्ग निर्माण से प्रभावित किसानों की उचित मांगों को लेकर कोलेन्द्रा में बैठक

## किसान बईठका कर किसानों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को अपना प्रत्यक्ष समर्थन दे रहे हैं पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल

डोंगरगढ़(दावा)। 22 नवंबर दिन शुक्रवार,समय दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक ग्राम कोलेन्द्रा (कोलेन्द्र से रींवागहन मार्ग पर नीलकंठ वर्मा की बाड़ी) में पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल के नेतृत्व में रेल मार्ग निर्माण के दौरान प्रभावित होने वाले किसानों की बैठक रखी गई है।पत्राचार के माध्यम से किसानों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की गई है।





### उचित मांगों को लेकर, एसडीएम को दिया गया ज्ञापन

प्रभावित भूमि स्वामियों की मांग को लेकर,एस डी एम डोंगरगढ़ को ज्ञापन भी दिया गया है। प्रभावित किसानों से कहा गया है कि, केन्द्र सरकार के द्वारा डोंगरगढ़ से कटघोरा तक कॉरीडोर (रेल्वे लाईन) बनाने का कार्य प्रस्तावित है।जिसका सर्वे पश्चात 300 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें बहुत से किसानों की भूमि अधिग्रहण किया जाना है। बैठक में उपस्थिति की अपील की गई है। जब से इस योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। तब से प्रभावित किसान हर स्तर पर अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। ताकि उन्हें उचित मुआवजा व शासकीय नौकरी परिवार के सदस्य को मिल सके।इसी अभियान को आगे बढ़ते हुए पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने अपना प्रत्यक्ष समर्थन देते हुए प्रभावित किसानों के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की आज बैठक रखी है।

### उचित मुआवजा व परिवार के सदस्य को शासकीय नौकरी प्रमुख मांगों में शामिल

प्रमुख मांगों में डोंगरगढ़ से कटघोरा तक कॉरीडोर निर्माण में पुर्व से किया गया सर्वे 2016-2017 का है। जिसे पुनः सर्वे कर वर्तमान दर से किसान भाईयों को मुआवजा राशि प्रदाय किया जाए। पुराना निर्धारित मुआवजा राशि में संशोधित कर नया राशि निर्धारित किया जाए।जिन किसान भाईयों का भूमि इस निर्माण कार्य में अधिग्रहण किया जा रहा है। उनके परिवार के किसी भी एक सदस्य को शासकीय नौकरी दिया जावे।प्रभावित गांव अछोली, जटकन्हार, नागतराई, धुषेरा, बेलगांव, कटली, भैंसरा, कोलेन्द्रा, रीवागहन, ठाकुरटोला, कातलवाही, छपारा, सिवनीकला, बिजनापुर के किसानों से पूर्व विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल पूर्व विधायक, नेतराम साहू, दिनेतु जांगड़े,फततु वर्मा, राजु वर्मा, नीरज शर्मा, प्रहलाद कंवर, गौकरण कोसले, पंचराम चंदेल, विक्रम साहू, खेमदास, संत ज्ञानेश्वर, सालिक गेड़ाम, जगदेव साहू के द्वारा अपील की गई है।

# विद्युत लाइनों के निकट धान की मिंजाई से हो रही निर्बाध विद्युत व्यवस्था बाधित



### डोंगरगढ़, मोहला, खैरागढ़, छुरिया, डोंगरगांव एवं राजनांदगांव के ग्रामीण इलाकों में धान मिसाई के कारण विद्युत लाइनों में ब्रेकडाउन की आ रही है शिकायतें

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा विद्युत लाइनों में आ रही व्यवधान को दृष्टिगत रखते हुये समस्त कृषक उपभोक्ताओं से विद्युत लाइनों के निकट धान मिंजाई के कार्य को नहीं करने की अपील की गई है। गौरतलब है कि किसानों के द्वारा अपने धान के फसलों की कटाई कर मिसाई के कार्य को कराया जा रहा है। इस दौरान खेत खलियानों में विद्यमान विद्युत लाइनों के नीचे धान फसल की मिंजाई का कार्य थ्रेसर मशीन के माध्यम से कर रहें हैं, धान मिंजाई से उडने वाला पैरा/भूसा विद्युत लाइनों में चिपक कर रात में ओस आने के कारण नमी से लाइनों में फेस टू फेस संपर्क होने से विद्युत लाइनों में व्यवधान उत्पन्न हो रहें हैं जिससें निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाये रखने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के मद्देनजर विद्युत विभाग द्वारा किसानों से जागरूकता एवं सतर्कता बरतते हुए विद्युत व्यवधान एवं विद्युत दुर्घटना से बचने हेतु विद्युत खम्बों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट धान मिंजाई के कार्य को नही करने की समझाईश दी गई है। विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों ने बताया कि मैदानी अधिकारियों द्वारा डोंगरगढ़, मोहला, खैरागढ़, छुरिया, डोंगरगांव एंव राजनांदगांव के ग्रामीण क्षेत्रों के खेत खलियानों से गुजरे हुए 33 के.व्ही. लाइनों, 11 के.व्ही लाइनों एवं एलटी लाइनों के नीचे या आसपास किसानों द्वारा थ्रेसर मशीन से धान मिंजाई कार्य से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण हेतु ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को इस संदर्भ में मुनादी कराने हेतु अपील की गई है, ताकि विद्युत लाइनों एवं वितरण ट्रांसफार्मरों में धान मिंजाई से उडने वाला पैरा/भूसा ना चिपके और ना कोई विद्युत व्यवधान उत्पन्न हो।

# आर्म्स एक्ट का फरार आरोपी कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा



### गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में आदतन तथा फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताया जाता है कि उक्त प्रकरण का एक आरोपी पूर्व में गिरफ्तार होकर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल में निरूद्ध है। कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा फरार आरोपी का नाम राजा बांसफोड पिता चंद्रिका प्रसाद बांसफोड उम्र 27 साल निवासी लखोली बताया जाता है। कोतवाली थाना प्रभारी संजय बरेठ ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों 19 अगस्त को प्रार्थियां श्रीमति मंजू साहू पति रामचंद्र साहू उम्र 30 साल निवासी अटल आवास बैगापारा लखोली थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अगस्त माह के 19 तारीख को साढ़े 4 बजे मोहल्ले का मोनू बांसफोड़ अपने साथी राजा बांसफोड के साथ मिलकर इसके पुत्र को मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। तब वह प्रार्थियां बीच-बचाव करने आयी तो उससे भी मां-बहन की गंदी-गंदी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे तलवार जैसी वस्तु से इसके पीछे कमर के नीचे मारा। जिससे इसे चोंटे आयी, जिस पर आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 507/24 धारा 296, 351 (2), 115 (2) 118 (1) 3 (5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान विवेचना के दिनांक 21.10.2024 को आरोपी मोनू बासफोड़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। जो जेल मे निरूद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रकरण के एक आरोपी राजा बांसफोड घटना बाद से फरार था। इस पर गुरुवार 21 नवंबर को आरोपी राजा बांसफोड को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार करने पर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। बताया जाता है कि आरोपी आदतन अपराधी है इसके खिलाफ पूर्व में अप.क्र. 245/19 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि., अप.क्र. 258/21 धारा 294, 506, 34 भादवि. कायम कर चालान किया गया है तथा प्रतिबंधक धाराओ के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। आरोपी राजा बांसफोड घटना बाद फरार था। जिसे पतासाजी कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किये है।

# आर.सी.ए टी-20 कप में स्टेट स्कूल फाईनल में पहुंची



- गुरूनानक स्कूल को 26 रन से हराया
- मैच के मैन ऑफ दी मैन लक्की प्रजापति 52 रन एवं 2 विकेट

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव आर.सी.ए. के तत्वाधान में टी-20 मैच कराया गया। इंटर स्कूल प्रतियोगिता टी-20 प्रतियोगिता खेली जा रही है- पूल ए गुरूनानक स्कूल एवं स्टेट हाई स्कूल टर्फ विकेट कमला कॉलेज मैदान में सेमीफाईनल मैच हुआ जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर निर्णय लिया कप्तान प्रजापति। ओपनिंग जोड़ी में खिलेश सोनकर एवं वेदान पहला विकेट 5 रन की योग पर जल्दी आउट हो गई, सौरभ सोनवानी की गेंद पर वेदान बोल्ड हो गया। क्रमशः स्लोक चचाने 52 रन, लक्की प्रजापति 54 रन, खिलेश सोनकर 12 रन योगदान दिए। 6 विकेट खोकर 20 ओवर में विशाल स्कोर 165 रन खड़ा किया। गुरूनानक स्कूल की ओर से गेंदबाजी करते हुए बालाजी राव 2 विकेट, गुलशन देवांगन 1 विकेट, सौरभ सोनवानी 1 विकेट। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुरूनानक स्कूल की ओपनिंग जोड़ी के रूप में बालाराव एवं सौरभ सोनवानी पहला विकेट 20 रन के योग पर बोल्ड हुआ। क्रमशः सौरभ सोनवानी 18 रन, उमेश साहू 33 रन नाटआऊट। गुरूनानक की स्कूल की पूरी टीम 139 रन बनाकर ऑल आऊट हो गई। स्टेट स्कूल की ओर से गेंदबाजी करते हुए रोहन मेश्राम 2 विकेट रूद्रांश तिवारी 2 विकेट लक्की प्रजापति 1 विकेट स्टेट हाईस्कूल ने 26 रन से जीत कर फाईनल में पहुंची। यह मैच के मैन ऑफ दी मैन लक्की प्रजापति 52 रन एवं 2 विकेट इस मैंच के ऐम्पायर संदीप शुक्ले एवं अंतु करान्डे थे। ऑनलाईन स्कोरिंग मलकित सोनी एकेडमी परिवार की ओर से कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आई.पी.एल. प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करान्डे, अमलाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा एवं उपरोक्त चयन होने पर सभी की ओर से हार्दिक शुभकामनाए दी। आर.सी.ए. के प्रमुख कोच संदीप शुक्ले ने दी।

# निगम का सिंगल यूज प्लास्टिक जप्ती अभियान चला लखोली क्षेत्र में

## 10 दुकानदारों पर लगाये 2 हजार 8 सौ रूपये अर्थदण्ड




- 2 किलो पालीथिन जप्ती
- कपड़े व जूट का थैला उपयोग करने आयुक्त विश्वकर्मा ने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। नगर को स्वच्छ सुंदर एवं पालीथिन मुक्त करने नगर निगम द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये निगम का स्वास्थ्य अमला शहर के दुकानदारों व नागरिकों को साफ सफाई रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने समझाईस दे रहे है। समझाईस उपरांत आज स्वास्थ्य अमला लखोली क्षेत्र के 10 दुकानदारों से 2 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना वसूले और 2 किलो पालीथिन भी जप्त किये।

इस संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि पर्यावरण संवर्धन एवं नागरिकों तथा जानवरों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य में दुष्प्रभाव से बचाने शासन निर्देश के अनुक्रम में शहर के व्यापारियों एवं नागरिकों से प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग नहीं करने, साफ सफाई रखने तथा कपड़े का थैला उपयोग करने समझाईस दी जा रही है तथा समझाईस उपरांत उपयोग पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में आज निगम के स्वास्थ्य टीम ने शहर के लखोली क्षेत्र के दुकानों का आकास्मिक निरीक्षण कर पालीथिन की जॉच किये और सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करते पाये जाने पर उक्त क्षेत्र के होटल, डेली नीड्स, किराना के 10 दुकानदारों पर 2 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना लगाये और 2 किलो पालीथिन जप्त किये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि आज प्लास्टिक के कारण पर्यावरण पर सीधा प्रभाव पड रहा है, जिसका प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर भी हो रहा है। साथ ही जानवर के पालीथिन खाने पर उनके शरीर पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। इन बातो को ध्यान में रखकर शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है, जिसे ध्यान में रखते हुये हमे भी इस कार्य में सहयोग करना है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर जूट से बने थैले का उपयोग करने के तथा अपने घर व उसके आस पास साफ सफाई रखने की अपील की है।

# गुरूदेव जयंती पर दादाबाड़ी में भव्य आयोजन एवं समाज के वरिष्ठजनों का अभिनंदन


श्री उदेराज जी गोलछा


श्री इंदरचंद जी चोपड़ा


श्रीमती धापूबाई जी गोलछा


श्रीमती सायर बाई जी गोलछा

राजनांदगांव (दावा)। प्रकट प्रभावी मालपुरा (राजस्थान) में प्रत्यक्ष दर्शन देने वाले जैन जगत के तीसरे दादा गुरूदेव जिनकुशल सूरी गुरूदेव की 744वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय दादा गुरूदेव भक्त मंडल ने अपने ही श्रीसंघ के सम्माननीय वरिष्ठ गुरूभक्तों उदेराज गोलछा 104 वर्ष, इंदरचंद चोपड़ा 93 वर्ष, श्रीमती धापूबाई गोलछा 92 वर्ष ध.प. स्व. रामलाल गोलछा एवं श्रीमती सायर बाई गोलछा 86 वर्ष, ध.प. स्व. उत्तमचंद गोलछा का शाल-श्रीफल एवं माला पहनाकर भावभरा अभिनंदन-स्वागत संस्था द्वारा किया गया हैं। ज्ञात रहे की गत् दिनों पूज्य गुरूदेव के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय ओसवाल लाईन स्थित दादाबाड़ी में भक्तजनों की अपार भीड़ की उपस्थिति में आयोजित पूज्य गुरूदेव की पूजा-गुरू इकतीसा का सामूहिक पाठ एवं गुरू गुण भक्ति का भव्य आयोजन किया गया है। इस अवसर पर गुरूदेव के भव्य अंगी की रचना के साथ ही 108 दीपक की महाआरती भी रात्रि में की गई। उक्त जानकारी संस्था के रौशन गोलछा द्वारा दी गई।

# लालबाग पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को धरदबोचा

## महिला को आते-जाते रास्ते में परेशान करता था आरोपी

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसे गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।



बताया जाता है कि उक्त आरोपी आते-जाते समय महिला को पिछले दो माह से परेशान कर रहा था। यही नहीं वह उक्त महिला व उसके पति को जान से मारने की धमकी भी दे रहा था। पुलिस में रिपोर्ट के पश्चात उक्त आरोपी को चंद घंटों में पकड़ लिया गया।

घटना के संबंध में लालबाग थाना प्रभारी नवरतन कश्यप ने बताया कि प्रार्थिया द्वारा गुरुवार 21 नवंबर को थाने आकर आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम का गजेन्द्र पटेल दो माह से उसे रास्ते में आने-जाने के समय गंदी-गंदी कमेंट कर छेड़खानी करता है। कभी रास्ता रोक लेता है, कभी हाथ बांह पकड़ लेता है और अपने साथ गलत काम करने के लिये बोलता है।

प्रार्थियां ने बताया कि गत 18 नवंबर को शाम 5 बजे वह तालाब से नहाकर अपने घर की ओर जा रही थी तभी सामने गजेन्द्र पटेल पिता मूलचंद पटेल उम्र 29 वर्ष निवासी किरगी बैठा था जो उसे अकेली आते देखकर सुनसान होने से रास्ता रोककर हाथ बांह पकड़कर अश्लील शब्द बोलकर छेड़खानी करने लगा एवं मां-बहन की गाली देने लगा। फिर वह उसके हाथ छोड़कर अपने हाथ को फैलाया और ऊपर की ओर देखने लगा तब वह किसी प्रकार वहां से भागकर अपने घर गई और अपने पति को उक्त घटना को बताई।

बताया जाता है कि 20 नवंबर बुधवार को प्रार्थिया का पति रास्ते में गजेन्द्र पटेल से मिलने पर उसको बोला कि मेरे पत्नी के साथ क्यों छेड़खानी करते हो तब वह उसके साथ सीधे मारपीट करने लगा और तुम्हारा मर्डर कर दूंगा तुम्हें निपटा दूंगा कहकर उन्हें भी खुले आम धमकी दिया।

थाना प्रभारी श्री कश्यप ने बताया कि प्रार्थियां की इस रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक 519/2024 धारा 296, 126(2), 74, 75, 78, 351(3), 115 बीएनएस की रिपोर्ट पर उक्त धारा सदर का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इस पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक गीतांजली सिन्हा, आरक्षक कमल किशोर, राजकुमार बंजारा की भूमिका सराहनीय रही।

# 'संस्कार सिटी' में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। नित ऊँची उड़ान भरती संस्कारधानी की अग्रणी संस्था संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में जोनल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों ने अपनी सहभागिता निभाई और भविष्य के वैज्ञानिकों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बड़े उल्लास से किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का स्वागत प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी, शिक्षकों और विद्यार्थियों के द्वारा तिलक और पुष्पगुच्छ से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित निर्णायकों में श्रीमती शुभ्रा वर्मा (व्याख्याता), डॉ. गुरूप्रीत कौर छाबड़ा (प्राचार्य, संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन) और डॉ.टी.वर्मा (प्राचार्य, संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी) शामिल थे। इन विशेषज्ञों ने बच्चों की प्रतिभा का गहराई से आंकलन किया और उनके विचारों को सराहा।

प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में अभिभावक, नागरिक और स्थानीय समुदाय के सदस्य उपस्थित हुए। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडल्स का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता को देखकर गर्व महसूस किया। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अपने मॉडल्स के बारे में जानकारी दी और प्रश्नों का उत्तर दिया, जिससे उनकी वैज्ञानिक सोच और प्रस्तुति कौशल का पता चला। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रतिभाएं प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में ज्ञानोदय विद्यापीठ, डोंगरगढ़ के मॉडल 'वैक्स शैम्पू बोतल' (तनिष्का जैन) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल, राजनांदगांव के मॉडल 'डेफ एंड ब्लाइंड हेल्पिंग हैंड' (राजवीर साहू, श्रेजल ठाकुर, विक्रांत गुप्ता, कव्या बेलचंदन एवं इमानी साहू) ने हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान गुजराती स्कूल, राजनांदगांव के मॉडल 'ऑब्स्टैकल अवॉयडिंग रोबोट' (हर्ष श्रीवास्तव, प्रिंस साहू एवं खेमेन्द्र कंवर) ने प्राप्त किया। इसके अलावा, श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, कबीरधाम के मॉडल 'काऊ डंग बेस बायो इलेक्ट्रोकेमिकल सेल' (छबि लाल पटेल, ऋतु परिहार, आर्य त्रिपाठी एवं गोकुल डहरिया) को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस सफल आयोजन के लिए संस्था के प्रबंधकगण ललित अग्रवाल (अध्यक्ष), अतुल देशलहरा (सचिव), प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी और संस्कार सिटी परिवार को विशेष धन्यवाद दिया गया। उन्होंने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी ने बच्चों के उत्साह को बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी और प्रशासक विकास जोशी ने सभी छात्र-छात्राओं, पालकों, अतिथियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास होता है। अंत में अतिथियों और विजेताओं को शाला प्रबंधन द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए, जो इस सफल आयोजन की यादगार के रूप में उनके साथ रहेगा।

# रायल किड्स कॉन्वेंट में नृत्य और नाटक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन





राजनांदगांव (दावा)। गुणवत्ता युक्त शिक्षा के क्षेत्र में प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस नृत्य और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भगत और जवाहर हाऊस ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शहीद भगत सिंह की भरी जवानी में शहीद होने का वर्णन एवं रानी लक्ष्मीबाई के बचपन से ही वीरता से परिपूर्ण होने के चित्रण ने आंखों को आंसुओं से भर दिया। जादुई तरीके से तीन विश मांगने के इंग्लिश ड्रामा ने भौतिकतावाद की संकल्पनाओं को निरर्थक करते हुए वास्तविक सत्य की ओर अग्रसर करने का संदेश दिया। असम के बिहू नृत्य की तरंगों ने सभी को अपने साथ-साथ असम की वादियों की सैर करा दी। नारी सशक्तिकरण का ज्वलंत संदेश देते हुए मणिकर्णिका की अदाकाराओं ने दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर विवश कर दिया। सिर्फ पढ़ाई-पढ़ाई करते हुए किताबी कीड़े बनने के बाद जीवन की वास्तविकताओं से अवगत कराता, साहित्य नाटक सपने ने धरती की वास्तविकताओं से जुड़े रहने का संदेश दिया। दोनों हाउस के नाटक शैतान एवं वशीकरण ने दर्शकों को कार्यक्रम के अंत तक वशीभूत किए रखा। सभी दर्शक कार्यक्रम के प्रारंभ से अंत तक अपनी कुर्सियों से चिपके रहे एवं रॉयल किड्स कान्वेंट का विशाल प्रांगण दर्शकों से खचाखच भरा रहा। ज्ञातव्य है कि इस प्रकार की साहित्यिक गतिविधियां छत्तीसगढ़ में सिर्फ और सिर्फ रॉयल किड्स कान्वेंट में यहां के निदेशक श्रेयांश बहादुर सिंह के सफल निर्देशन में आरंभ से ही कराई जा रही है।

इस अवसर पर स्कूल की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावन्त बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह और सभी अभिभावक उपस्थित थे एवं समस्त कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल हमेशा से बच्चों के सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ते कदम रखता है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उन्हें मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना था। भगत और जवाहर घर के छात्रों ने अपने अद्वितीय नृत्य और अभिनय से दर्शकों को मोहित किया। उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए, स्कूल की अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी सिंह ने कहा, 'यह प्रतियोगिता छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का एक उत्कृष्ट मंच है।' इस अवसर पर श्रेयांश बहादुर सिंह सर ने कहा, 'हमें अपने छात्रों की प्रतिभा पर गर्व है। वे अपने अद्भुत प्रदर्शन से स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं।' इस प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कार दिए गए। स्कूल प्रबंधन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नवोदित मानस व्याख्याकार कार्यशाला अर्जुनी में संपन्न

डोंगरगांव (दावा)। सत्य सनातन धर्मसभा राजनांदगांव के तत्वाधान में प्रसिद्ध व्याख्याकार तथा रामायणीक ब्रम्हलीन शशिकांत अवस्थी राजनांदगांव की स्मृति में दो दिवसीय मानस मंडलियों के नवोदित युवा वक्ताओं की कार्यशाला का आयोजन ग्राम अर्जुनी में किया गया। इस आयोजन में वर्तमान समय में मानस मंडलियों द्वारा मानस प्रसंग के आधार पर हिन्दू जागरण, सनातन संस्कृति का प्रचार, समाज सुधार, नशाबंदी, सामाजिक, पारिवारिक एकता जैसे विषयों को लोगो तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।



## दो दिवसीय आयोजन में 27 मंडलियों ने लिया हिस्सा

ग्राम अर्जुनी के समरसता भवन में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सत्य सनातन धर्मसभा के जिला अध्यक्ष धवल चावड़ा, आयोजन के मुख्य सूत्रधार अचल दास वैष्णव, ब्रम्हलीन शशिकांत अवस्थी की सुपुत्री वर्षा पाठक के आतिथ्य में भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा देव स्तुति से हुआ, इस दौरान मुख्य अतिथि श्री चावड़ा ने अपने उद्बोधन में कार्यशाला में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी से सत्य सनातन धर्म सभा से जुडक़र हिन्दुत्व और सनातन संस्कृति के लिए आगे आकर कार्य करने का निवेदन किया। पश्चात् दो दिनों तक विभिन्न सत्रों में मानस व्याख्याकारों को विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्रशिक्षण के बाद व्याख्याकारों के बीच आपसी प्रतिस्पर्धा भी आयोजित की गई, जिसमें भूतपूर्व शिक्षक एम.आर.साहू बसंतपुर राजनांदगांव ने मुख्य निर्णायक की भूमिका निभाई, संपूर्ण कार्यशाला के संचालन में कुमुद किशोर शुक्ला, हेमलता साहू अंबागढ़ चौकी, चिंताहरण पटेल हरडूवा, सागरदास मानिकपुरी ग्राम कुकरैल ने मार्गदर्शक के रूप में सेवा दी। उक्त कार्यशाला में प्रमुख रूप से श्री तुलसी मानस मंडली रातापायली, हरिऊँ मानस परिवार गोडऱी, रामकृपा मानस परिवार सालिकझिटिया तथा सूर्योदय नवयुवक मंडल अर्जुनी का विशेष सहयोग रहा है. कार्यशाला में युवा मानस वक्ता प्रतियोगिता अंतर्गत राज्य स्तरीय आयोजन के लिए पांच युवाओं का चयन किया गया। इनमें अभिषेक साहू सालिकझिटिया, सुखसागर ध्रुव पटपर, डॉ.गंगा वर्मा भोथली, रामलाल चंद्रवंशी अड़ाम तथा दिलीप कुमार विश्वकर्मा प्रमुख हैं. कार्यशाला के अंत में समस्त प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। आभार कार्यशाला के मुख्य सूत्रधार तथा सत्य सनातक धर्मसभा के प्रांतीय अध्यक्ष अचल कुमार वैष्णव ने किया।

# खुटेरी से सुरगी मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, क्षेत्रवासी जर्जर सड़कों से हो रहे हैं परेशान



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के सड़कों का बुरा हाल है सड़कों की खस्ता हाल होने की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है। राजनांदगांव विधानसभा के ग्रामीण अंचल के अधिकांश सड़कों का हाल बहुत ही बुरा है और जर्जर और खस्ता हाल है जिसमें से कुछ सड़कों का नव निर्माण का कार्य चल रहा है जिसमें मुख्य रूप से हल्दी सुरगी कुम्हालोरी मार्ग, सोमनी से नवागांव मढ़ीपार मार्ग का नवनिर्माण किया जा रहा है क्षेत्रवासियों ने बताया कि नेशनल हाईवे खुटेरी से भर्रेगांव, मोखला, आरला, सुरगी मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है जिसका नव निर्माण किया जाना चाहिए। इसी तरह से ग्राम भोथीपार खुर्द से सिंघोला मार्ग, ग्राम रवेली से तोरणकट्टा मनकी नेशनल हाईवे तक अत्यंत जर्जर हो चुका है इन सभी मार्गों का नवनिर्माण कराया जाना चाहिए ग्रामीणों ने बताया राजनांदगांव ग्रामीण विधानसभा का मुख्य मार्ग सुरगी से खुटेरी मार्ग है जिसकी लम्बाई लगभग 11 किलोमीटर है जिसमे हजारों लोग प्रतिदिन आवागमन करते है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि भर्रेगांव शिवनाथ नदी के समीप और सरार के समीप वाले गड्डो और भर्रेगांव से आरला तक सड़क मे बड़े-बड़े गड्ढे बन गए जिसमें कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि इन सड़कों का शीघ्र अतिशीघ्र नवनिर्माण कराया जाए।

# पहला कॉलम...

## सेवा सहकारी समिति ग्राम रतनभाट में धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। सेवा सहकारी समिति ग्राम रतनभाट के धान खरीदी केंद्र का किशुन लाल साहू, सभापति जनपद पंचायत छुरिया द्वारा खरीदी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसकी जानकारी लिया गया संबंधित कृषक द्वारा बताया गया कि शासन के गाइडलाइन के आधार पर धान खरीदी किया जा रहा है, किसी प्रकार के कृष को द्वारा दर्ज नहीं कराई गई तथा किसान द्वारा पूर्ण रूप से संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर ग्राम रतनभाट के निवासी नीलकंठ साहू, जिला पंचायत राजनांदगांव के सेवानिवृत कर्मचारी बाबूलाल देवांगन, प्रबंधक महेश देवांगन, कम्प्यूटर ऑपरेटर सचिन दीक्षित के साथ-साथ बहुत से कृषक उपस्थित थे। किशुन लाल साहू धान खरीदी किए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी कृषकों एवं सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों को बधाई दी।

## जिला सहकारी समिति के प्राधिकृत सूची को लेकर साहू समाज में नाराजगी



### अध्यक्ष टिलेश्वर साहू ने कहा सामाजिकजनों को दरकिनार करना खेद जनक

खैरागढ़ (दावा)। जिला साहू समाज ने सेवा सहकारी समितियों के लिए जारी प्राधिकृत (अध्यक्ष) व्यक्तियों की सूची को लेकर नाराजगी जाहिर की है। संघ के अध्यक्ष टिलेश्वर साहू ने कहा कि जिले की 38 सूचियों में साहू समाज के मात्र 2 लोगों को जगह दी गई है। जिसमें हनईबन से लिकेश साहू व टोलागांव से नारायण साहू को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जबकि लोधी समाज के 17 लोगों को प्राधिकृत बनाया गया है। इसी तरह से राजपूत समाज के 4, पटेल समाज के 4, सतनामी समाज 2, सोनी 2, सहित वैष्णव, जैन, गोंड़, सिन्हा, शर्मा, यादव, उइके समाज से एक-एक व्यक्ति को प्रतिनिधित्व दिया गया है। साहू ने कहा कि इन सभी नामों को पार्टी संगठन की ओर से दिया गया है। संगठन के जिला अध्यक्ष स्वयं साहू समाज से हैं। उसके बावजूद समाज को पर्याप्त प्रतिनिधित्व न मिलना खेद जनक है। साहू ने कहा कि समितियों में सभी समाजों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, लेकिन जिस तरह से है।

## एसडीओपी ने डोंगरगढ़, बोरतलाब एवं चिचोला क्षेत्र के आदतन अपराधियों की क्लास लेकर दी चेतावनी



डोंगरगढ़(दावा)। एसडीओपी आशीष कुंजाम ने आज 21 नवंबर को थाना डोंगरगढ़ परिसर में थाना डोंगरगढ़, थाना बोरतलाब एवं थाना चिचोला क्षेत्र के गुण्डा, निगरानी, माफी बदमाशों एवं पूर्व अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले व्यक्तियों को थाना डोंगरगढ़ में उपस्थित कराकर क्लास लेकर बदमाशों एवं हमेशा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वालें व्यक्तियों को अपराध से दूर रहने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चेतावनी दी गई है। साथ ही पुनः अपराध में संलिप्त रहने वालों पर कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही करने हेतु हिदायत दिया गया है। बदमाशों के क्लास लेने के दौरान थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा एवं थाना बोरतलाब प्रभारी मिलन सिंह चौकी प्रभारी चिचोला भूषण चंद्राकर भी उपस्थित रहे।

## हिमांशी ने किया धर्मनगरी का नाम रौशन



डोंगरगढ़(दावा)। पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 8 वीं के क्लास ब में अध्ययनरत छात्रा कु. हिमांशी वर्मा आत्मज रामानुजलाल वर्मा ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन रायपुर रीजन के राजनांदगांव में आयोजित 53 वे रीजीनल स्पोर्ट्स में विधालय का प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये योग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विधालय और शहर का नाम रौशन किया। इसके पश्चात हिमांशी वर्मा ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के भुनेश्वर उड़ीसा में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स में रायपुर रीजन का प्रतिनिधित्व किया। संस्था के प्राचार्य व गुरुजनों ने हिमांशी को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी है।

# विद्युत संबंधी समस्याओं के लिये विभाग लगा रहा है शिविर

## 24 को खुज्जी, 25 को कोकपुर, 26 कुमरदा, 28 को डोंगरगांव शहर में



डोंगरगाँव (दावा)। विद्युत विभाग द्वारा विभिन्न वितरण केन्द्रों में शिविरों का आयोजन कर विद्युत बिल से संबंधित समस्याओं के निराकरण एवं बकाया राशि वसूली प्रारंभ कर दिया गया है, मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत समस्त वितरण केन्द्रों में शिविर आयोजित किया जावेगा, जिसमें विद्युत संबंधी समस्याओं जैसे-विद्युत देयक पुनरीक्षण, गलत मीटर रीडिंग, बकाया राशि वसूली, मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड, एवं विद्युत संबंधी अन्य समस्याओं का निराकरण के साथ-साथ उपभोक्ताओं को मोर बिजली एप की सुविधाओं के विषय में जानकारी मिलेगी, विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रातः 11 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक खुज्जी में रविवार 24 नवम्बर को डोंगरगांव(ग्रामीण) का ग्राम कोकपुर में सोमवार 25 नवम्बर को, कुमरदा में मंगलवार 26 नवम्बर को, डोंगरगांव (शहर) में गुरूवार 28 नवम्बर को शिविर आयोजित किया जावेगा।

इसी क्रम में 21 नवम्बर को गैंदाटोला में आयोजित शिविर में सहायक यंत्री जनकराम साहू, कनिष्ठ यंत्री सुश्री धनेश्वरी चन्द्रवंशी, श्रीकांत सहित गैंदाटोला क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए. ग्राम गैंदाटोला में आयोजित शिविर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के विवादित देयकों, वोल्टेज की समस्या, नये विद्युत कनेक्शन, मीटर की समस्या, ट्रांसफार्मर भार वृद्धि, विफल ट्रांसफार्मर संबंधी समस्या सहित विद्युत संबंधी अन्य समस्याओं का समाधान हेतु समुचित कार्यवाही की गई है. शिविर में उपस्थितजनों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, बिजली बिल हॉफ योजना, कृषक जीवन ज्योति योजना एवं मोर बिजली ऐप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि मीटर रीडर द्वारा स्पॉट बिलिंग मशीन से रीडिंग दर्ज कर बिल देते समय बिल में दर्ज रीडिंग और मीटर में दर्ज रीडिंग का मिलान कर लें, यदि जारी रीडिंग बिल में अंतर हो तो तत्काल रीडर या अधिकारी को इसकी सूचना दें। मीटर रीडर या किसी अन्य व्यक्ति के प्रलोभन में आकर रीडिंग कम न लिखवायें, जो मीटर में दर्ज हो उसी रीडिंग के आधार पर बिल बनवायें। उन्होंने कहा कि घर के अन्दर स्थापित विद्युत मीटर को बाहर की ओर लगवायें, जिससे नियमित रीडिंग हो सके। घर या प्रतिष्ठान में विद्यमान वायरिंग, उपयुक्त साईज व गुणवत्ता वाले वायर तथा अर्थिंग को अधिकृत इलेक्ट्रीशियन से चेक करायें।

# शासकीय प्राथमिक शाला पांगरी में बाल मेला का आयोजन हुआ



अंबागढ़ चौकी (दावा)। ग्रामीण अंचल विकासखंड अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पांगरी संकुल केशरीटोला में 20 नवंबर विश्व बाल दिवस के अवसर पर भव्य बाल मेला का आयोजन प्रथम वर्ष किया गया आयोजन को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला यह आयोजन प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला दोनों के द्वारा मिलकर किया गया आयोजन में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन तथा पकवान जैसे भेल, गुपचुप, भजिया, आलू भजिया, मिर्ची भजिया, गुलाब जामुन, लड्डू, काड़ी मिठाई, छोले भटूरे आदि रखे गए समस्त पालकगण तथा ग्रामवासियों ने आयोजन में आकर बच्चों के द्वारा बेचे जा रहे सामानों को खरीद कर बच्चों का उत्साह उत्साहवर्धन किया। आयोजन को सफल बनाने में प्राथमिक शाला पांगरी के प्रधान पाठक विजय सिंह ठाकुर तथा सहायक शिक्षक सुभाष कसार कोमा माध्यमिक शाला पांगरी से प्रधान पाठक देव राम मंडावी, शिक्षक शशिकांत चौधरी, कृष्णकांत साहू, श्रीमती शिखा रामटेके एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष तुलसीराम निषाद, संतोष साहू एवं ग्राम के सरपंच श्रीमती मीनाबाई कोमा एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पांगरी का सहयोग प्राप्त हुआ।

# बकायादारों के काटे जा रहे हैं विद्युत कनेक्शन



## विभाग ने वसूली अभियान किया तेज

डोंगरगाँव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा डोंगरगांव क्षेत्र में बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए वृहद स्तर पर सघन अभियान चलाया जा रहा है. इसी तारतम्य में डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत कुमरदा, गैंदाटोला, खुज्जी, डोंगरगांव शहर एवं ग्रामीण वितरण केन्द्रों में बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्यवाही करते हुए ऐसे 241 विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किये गये। इस अभियान में 548 बकायादार उपभोक्ताओं से 22 लाख 05 हजार रूपए की राशि वसूल की गई। गौरतलब है कि पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि पर बिजली बिल के भुगतान के लिए बिल वितरण की व्यवस्था कराई जाती है, उसके बाद बिजली बिल के देयकों के भुगतान में विलंब होने पर कई बार सूचना देने के बाद भी बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन को विच्छेदित करने की कार्यवाही की जा रही है. डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता पी.सी.साहू ने बताया कि डोंगरगांव उपसंभाग स्तर पर सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए 241 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 16 लाख 99 हजार रुपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किये जाने पर काट दिए गये हैं तथा 548 बकायादार उपभोक्ताओं से 22 लाख 05 हजार रुपए की राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया, इस अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों के द्वारा संपादित किये गए मीटर वाचन के कार्यों का भी निरीक्षण किया जा रहा है और ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगें। उन्होंने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें ताकि विच्छेदन की कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचा जा सकें। बिजली बिल का नियमित भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ताओं को राज्य शासन की हॉफ बिजली बिल योजना का लाभ भी नहीं मिल पायेगा, क्योंकि बिजली का नियमित भुगतान नहीं होने से वे स्वतः अपात्र हो जायेंगें।

# पारीखुर्द के बच्चों ने लगाया स्टॉल और मनाया आनंद मेला उत्सव



राजनांदगांव (दावा)। चाचा नेहरू की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द के बच्चों द्वारा भव्य आनंद मेला उत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों ने राउत नाचा के माध्यम से बाल मड़ई निकालकर समस्त ग्रामीणजनों को आनंद मिला उत्सव में आने का न्योता दिया। सम्माननीय अतिथियों सरपंच बुद्धेश्वर साहू, संकुल समन्वयक भर्रेगांव भूपेश कुमार साहू, भूतपूर्व सरपंच सगन लाल साहू, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक परसराम चंद्राकर, वरिष्ठ नागरिक लाल दास वैष्णव प्राथमिक शाला की एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती सुभ्या निषाद, माध्यमिक शाला की एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती ज्योति वैष्णव प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक प्रेमशंकर साव, व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक शिव कुमार सेवता की उपस्थिति में उत्सव का विधिवत प्रारंभ मां शारदा व चाचा नेहरू के सम्मुख दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत बैज व गुलाल टीका लगाकर किया गया। इसी बीच संकुल समन्वयक महोदय द्वारा वर्ष 2024 के ज्ञानदीप पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सेवता सर को असीम शुभकामनाएं देते हुए एक अविस्मरणीय भेंट प्रदान किया, जिससे पूरा जन समुदाय गदगद हो गया। उत्सव में बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों जैसे पानी पुरी, पकौड़े, बड़े भेल, चाट व अइरसा आदि के विभिन्न स्टाल लगाए जो बच्चों को आनंद के साथ-साथ व्यापारिक गुण भी सिखाती है।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शाला की पूर्व छात्राओं सुश्री रमा साहू व सुश्री भानेश्वरी साहू का विशेष सहयोग रहा। उत्सव का आनंद लेने तथा बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही। साथ ही साथ संकुल के अन्य शालाओं से शिक्षक शिक्षिकाओं का आगमन हुआ जिसमें सेजस भर्रेगांव से शिक्षक आदित्य खरे, शिक्षिकाएं श्रीमती पूजा सोनी, श्रीमती नमिता साहू व श्रीमती कुसुम किरण साहू तथा प्राथमिक शाला कुसमी से शिक्षक विजय कुमार बरई की गरिमा में उपस्थिति रही। उत्सव की संपूर्ण व्यवस्था का कार्यभार माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक सेवता, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक साव सर, शिक्षिकाओं श्रीमती अनुपमा सोनी श्रीमती विभा सिंहमारे, सुश्री पुष्पलता देवांगन व शिक्षक दीपक कुमार साहू ने मिलकर संभाला।

# अर्थशास्त्र विभाग में परिषद गठन, योगेश कुमार लाउत्रे अध्यक्ष मनोनित




डोंगरगढ़(दावा)। विगत दिनों वर्तमान सत्र के लिए शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के अर्थशास्त्र विभाग का स्नातकोत्तर छात्र परिषद का गठन किया गया। इस परिषद में योगेश कुमार लाउत्रे को अध्यक्ष के रूप में, करीना डोंगरें को उपाध्यक्ष के रूप में मनोनयन किया गया। इसके अतिरिक्त सचिव तथा सहसचिव के रूप में क्रमशः भगवंतीन पटेल एवं प्रिया महोबिया को मनोनीत करने के साथ ही कोषाध्यक्ष के रूप में हुमेश साहू का मनोनयन पिछली कक्षा के प्राप्तांको के प्रवीण्यता के आधार पर किया गया है।

परिषद गठन कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने परिषद के सभी मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामना दी।

कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आर.आर.कोचे द्वारा विद्या दायनी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. आर.आर.कोचे ने स्नातकोत्तर छात्र परिषद के गठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि परिषद के मनोनीत पदाधिकारी अपने दायित्वों एवं अधिकारों से परिचित हो तथा अर्थशास्त्र विभाग की वर्तमान अकादमिक गतिविधियों के साथ अन्य गैर शैक्षणिक गतिविधियों जैसे खेलकूद, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास में अधिक से अधिक सहभागिता के लिए अन्य छात्रों को भी प्रोत्साहित करें।

संस्था प्रमुख प्राचार्य द्वारा सभी मनोनीत पदाधिकारियों को तथा कार्यकारिणी सदस्यों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हे और आगे बढ़ने तथा महाविद्यालय के साथ अपने परिवार एवं देश का नाम रोशन करने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक मनीषा भेड़िया ने कार्यक्रम में सभी सहभागी छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

# जर्जर शाला भवन की समस्या को लेकर छन्नी साहू ने कलेक्टर से की मुलाकात

## जल्द से जल्द नवीन शाला भवन की स्वीकृति प्रदान करने की कही बात



राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मंगियाटोला ग्राम पंचायत-गेरूघाट विकासखंड-छुरिया, जिला-राजनांदगांव का प्राथमिक शाला भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है, जिसकी खबर मिलने के बाद गुरूवार को खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक छन्नी साहू ने ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात की और जल्द से जल्द नवीन शाला भवन बनाने की बात कही।

छन्नी साहू ने कहा कि छात्र-छात्राओं को ग्रामवासियों के सहयोग से बास बल्ली से तैयार किये गए झोपड़ी में अध्यापन कार्य करना पड़ रहा है, जो बहुत ही शर्म की बात है। छन्नी साहू ने कहा कि पूर्व में भी ग्रामीणों के द्वारा ग्राम मंगियाटोला में नवीन प्राथमिक शाला भवन की स्वीकृति हेतु जिला प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, किन्तु आज दिनांक तक जिला प्रशासान के द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गयी है।

इस संबंध में पूर्व भी नवीन शाला भवन की स्वीकृति के लिए निवेदन किया चुका है, स्वीकृति नहीं होने के कारण ग्राम मंगियाटोला के बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है। ज्ञापन के साथ ही चेतावनी देते हुए छन्नी चंदू साहू ने कहा कि पंद्रह दिनों के भीतर यदि इस मामले में प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई तो ग्रामीणजन विरोध प्रर्दशन-उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगें।

छन्नी साहू ने इस दौरान कहा कि छात्र ही समाज के भविष्य निर्माता होते हैं और उन्हें ही पढ़ाई के लिए झोपड़ीनुमा जगह का सहारा लेना पड़ रहा है, जो भाजपा सरकार के लिए डूब मरने वाली बात है। यदि जल्द से जल्द छात्रों को नवीन शाला भवन नहीं मिला, तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रमुख रूप से ग्राम पटेल, चेतन कुंजाम, ग्राम प्रमुख पुनऊ राम कोमरे, उमेन्द्र सिंह खुर्साम, उमेश कुमार कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# पहला कॉलम...

## शेयर बाजार में फिर बड़ी गिरावट सेंसेक्स 423 और निफ्टी 169 अंक टूटा

नई दिल्ली। शेयर बाजार में आज एक बार फिर बड़ी गिरावट देखने को मिली। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 422.59 अंकों की गिरावट के साथ 77,155.79 अंकों पर बंद हुआ और निफ्टी 50 भी 168.60 अंकों की गिरावट के साथ 23,349.90 अंकों पर बंद हुआ। आज शेयर बाजार के लगभग सभी इंडेक्स में गिरावट देखने को मिली। बताते चलें कि आज स्टॉक मार्केट ने बड़ी गिरावट के साथ ही कारोबार शुरू किया था। जबकि 19 नवंबर को पिछले सेशन में शेयर मार्केट बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुआ था। गुरुवार को सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए जबकि सिर्फ 10 कंपनियों के शेयर ही फायदे के साथ हरे निशान में बंद हुए। इसी तरह निफ्टी 50 की भी 50 में से 37 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए और सिर्फ 13 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल अडाणी पोर्ट्स के शेयर आज सबसे ज्यादा 13.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

## थाईलैंड की अदालत ने सीरियल किलर महिला को सुनाया फांसी की सजा

नई दिल्ली। थाईलैंड की एक अदालत ने 36 वर्षीय महिला को मौत की सजा सुनाई। उसे देश के इतिहास का सबसे खतरनाक सीरियल किलर बताया जा रहा है। साररत रंगसिवुथापोर्न ;तंतंज त्दहेपूनजींचवतदद्ध को 14 दोस्तों को साइनाइड देकर मारने के आरोप में कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। महिला ने साल 2015 से लेकर अब तक 14 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। उसे अपनी सहेली की हत्या के आरोप में सजा सुनाई गई। वहींए साररत रंगसिवुथापोर्न के खिलाफअन्य 13 मामले कोर्ट में चल रहे हैं। साल 2023 में साररत रंगसिवुथापोर्न अपनी एक दोस्त सिरिपोर्न खानगांव के साथ घूमने गई थी। दोनों ने घाट पर मछली को दाना डाला और बाद में दोनों ने खाना खाया। खाने के कुछ देर बाद सिरिपोर्न की तबीयत बिगड़ गई और वो नदी किनारे गिर पड़ी। साररत अपनी आंखों के सामने अपनी दोस्त को तड़पते हुए देखती रही। पुलिस ने जब सिरिपोर्न का पोस्टमॉर्टम किया तो पता चला कि उसके खाने में साइनाइड दिया गया था। सिरिपोर्न के परिवारवालों ने साररत के खिलाफपुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सबूत जुटाए और मई 2023 में साररत को गिरफ्तार कर लिया।

## शिक्षिका को विद्यार्थी के साथ संबंध में बनाने पर 30 साल की सजा

वाशिंगटन। अमेरिका के मैरीलैंड की एक पूर्व शिक्षिका को कोर्ट ने 30 साल की जेल की सजा सुनाई है। 32 साल की मेलिसा कर्टिस को कोर्ट ने ये सजा अपने छात्र के साथ गलत संबंध बनाने के चलते दी है। फॉक्स 5 डीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मेलिसा कार्टिस को यौन अपराध के तीन मामलों में तीन दशक की सजा काटनी होगी, जिसमें 12 महीने की सजा निलंबित रहेंगी और पांच साल की निगरानी वाली जेल होगी।

रिहा होने के बाद कर्टिस को 25 साल के लिए यौन अपराधी के रूप में पंजीकरण कराना होगा और उसे अपने बच्चों के अलावा किसी अन्य नाबालिग के साथ बिना निगरानी के संपर्क करने की अनुमति नहीं होगी।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते दिखेंगे हार्दिक पांड्या



नई दिल्ली। स्टार आलराउंडर हार्दिक पंड्या अपने भाई क्रुणाल पांड्या की अगुवाई में सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी में बड़ौदा के लिए खेलते नज़र आएंगे, जो कि 23 नवंबर से शुरू हो रहा है। पिछले साल क्रुणाल की अगुवाई में ही बड़ौदा की टीम सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी टूर्नामेंट के फ़ाइनल तक पहुंची थी, जहां उन्हें मोहाली में पंजाब से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक ने पिछली बार बड़ौदा के लिए 2018-19 में मुंबई के ख़िलाफ़ एक रणजी ट्रॉफ़ी मैच खेला था, वहीं सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी में वह आख़िरी बार जनवरी 2016 में खेले थे। तब हार्दिक का अंतर्राष्टीय डेब्यू नहीं हुआ था। पिछले महीने ही हार्दिक को मुंबई इंडियंस द्वारा रिटेन किया गया था और वह टीम के कप्तान भी बने रहेंगे। वहीं क्रुणाल को लखनऊ सुपर जायंट्स ने रिलीज़ कर दिया था और वह आईपीएल नीलामी का हिस्सा होंगे। बड़ौदा की टीम फ़िलहाल शानदार फ़ॉर्म में है और रणजी ट्रॉफ़ी के पहले चरण में 27 अंकों के साथ वे अपने ग्रुप में शीर्ष पर हैं। सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी में बड़ौदा का पहला मैच 23 नवंबर को गुजरात के ख़िलाफ़ है।

# आज बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का होगा आगाज भारत और ऑस्ट्रेलिया होंगे आमने-सामने

नई दिल्ली। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का कल यानी 22 नवंबर से आगाज होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भारतीय टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। इस मैच में जसप्रीत बुमराह का मुकाबला तेज गेंदबाज पैट कमिंस की कप्तानी वाली मजबूत ऑस्ट्रेलिया से होगा। इस तरह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में छठी बार ऐसा होगा जब 2 तेज गेंदबाज एक ही टेस्ट मैच में कप्तानी करते दिखाई देंगे।





बुमराह और अश्विन के पास गोल्डन चांस, खतरे में कपिल देव और अनिल कुंबले का महारिकॉर्ड

भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 5 मैचों में कम से कम 4 मैच जीतने होंगे। ऐसे में जसप्रीत बुमराह के कंधों पर ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को आउट करने का सबसे ज्यादा दारोमदार होगा। अगर बुमराह की शानदार फॉर्म ऑस्ट्रेलिया में भी जारी रहती है तो वह कई बड़े कीर्तिमान अपने नाम कर सकते हैं।

दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में 7 टेस्ट मैचों की 14 पारियों में 21.25 की औसत से 32 विकेट झटके हैं। अगर वह पर्थ में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच में 3 विकेट लेने में कामयाब रहते हैं तो वह दिग्गज भारतीय स्पिनर बिशन सिंह बेदी को पीछे छोड़ते हुए ऑस्ट्रेलिया में चौथे सबसे सफल भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। बुमराह के पास आर अश्विन को भी पछाड़ने का शानदार मौका होगा। ऑस्ट्रेलिया में अश्विन भारत की ओर से टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। अश्विन को पछाड़ने के लिए बुमराह को 7 विकेट की जरूरत है। हालांकि अश्विन अगर विकेट चटकाने में कामयाब रहते हैं तो फिर बुमराह को कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी।

दूसरी तरफ अश्विन के पास भी अनिल कुंबले और कपिल देव को पीछे छोड़ने का शानदार मौका होगा। अश्विन के नाम ऑस्ट्रेलिया में 38 विकेट दर्ज हैं। कुंबले से आगे निकलने के लिए अश्विन को 12 विकेट की दरकार है। अगर ऐसा करने में वह सफल होते हैं तो वह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर कपिल देव के बाद 50 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे।

## पर्थ टेस्ट में देवदत्त पडिक्कल को भारतीय टीम में किया शामिल

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के एक दिन पहले भारतीय टीम में युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को शामिल किया है। ऐसा माना जा रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा और नंबर तीन के बल्लेबाज शुभमन गिल पहला टेस्ट मैच मिस कर सकते हैं। रोहित दूसरी बार पिता बने हैं तो वहीं, गिल चोटिल हैं। इन दोनों की गैर-मौजूदगी में बीसीसीआई ने बल्लेबाजी यूनिट को मजबूत करने के लिए देवदत्त पडिक्कल को टीम में शामिल किया है।



देवदत्त पडिक्कल इंडिया-ए के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आए थे। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पडिक्कल ने दमदार पारी खेलकर अपनी काबिलियत साबित की थी। इसके दो अनाधिकारिक टेस्ट मैच में पडिक्कल ने मुश्किल हालात में इंडिया ए के लिए 86 रन की उम्दा पारी खेली थी। इसके बाद उन्हें ऑस्ट्रेलिया में ही रुकने के लिए कहा गया। शुभमन गिल के चोटिल होने के बाद देवदत्त की प्लेइंग इलेवन में भी जगह बनती हुई दिख रही है।

बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा गया, देवदत्त पडिक्कल टीम इंडिया के टेस्ट स्क्वाड में शामिल हो गए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से पहले टीम के साथ प्रशिक्षण के अपने अनुभव और उत्साह को साझा किया।

## गौतम अडानी पर अमेरिका में लगा बड़ा आरोप 265 मिलियन डॉलर को लेकर किया गया दावा

**नई दिल्ली । भारतीय अरबपति और अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी पर अमेरिका में गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ये आरोप उनकी कंपनी के निवेशकों को धोखा देने के हैं। उन पर अमेरिका में अपनी कंपनी को कॉन्ट्रेक्ट दिलाने के लिए 265 मिलियन डॉलर या करीब 2236 करोड़ रुपये की रिश्वत देने और इसे छिपाने का आरोप लगाया गया है। यह पूरा मामला अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ है।**



अमेरिका में सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज कमीशन ने बुधवार को इस मामले में गौतम अडानी के भतीजे सागर अडानी, अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के अधिकारियों समेत एक अन्य फर्म एज्योर पावर ग्लोबल लिमिटेड के कार्यकारी सिरिल काबेनेस के खिलाफ भी आरोप लगाए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर के साथ ही 7 सात अन्य प्रतिवादियों ने अपनी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी को कॉन्ट्रेक्ट दिलाने और भारत की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा संयंत्र परियोजना विकसित करने के लिए भारतीय सरकारी अधिकारियों को लगभग 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत देने पर सहमति जताई थी।

ऐसा दावा किया गया कि ये पूरा मामला अरबों डॉलर के मुनाफे से जुड़ा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि इस कॉन्ट्रेक्ट के जरिए अडानी ग्रुप को 20 सालों में करीब 2 अरब डॉलर से ज्यादा का मुनाफा होने की उम्मीद थी।

## रूस ने किया पलटवार, यूक्रेन के निप्रो शहर पर इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइलों से किया हमला

**नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को अमेरिका निर्मित लंबी दूरी की मिसाइलों के उपयोग को हरी झंडी दी थी। अमेरिका से अनुमति मिलने के बाद यूक्रेन ने रूस पर मिसाइलें दागी थीं। रूस ने अब इस हमले का जवाब दिया है। यूक्रेन का कहना है कि रूस ने उसके निप्रो शहर पर अंतर महाद्वीपीय मिसाइलों से हमला किया है।**



यूक्रेन ने कहा है कि रूस ने बीती रात यूक्रेनी शहर निप्रो को निशाना बनाकर जंग में पहली बार अंतर महाद्वीपीय मिसाइलों (ढ्ढष्टक्चरू) का इस्तेमाल किया। यूक्रेन की वायुसेना ने बृहस्पतिवार को टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि इसे रूस के अस्त्रखान क्षेत्र से दागा गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब जंग के मैदान में रूस की मदद के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों के पहुंचने के साथ युद्ध ने अधिक अंतरराष्ट्रीय आयाम ले लिया है।

गौरतलब है कि, रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग में अब अमेरिका बड़ी भूमिका निभाता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी रक्षा सचिव ने भी बड़ी बात कही है। अमेरिकी रक्षा सचिव ने कहा कि बाइडेन प्रशासन यूक्रेन को रूस के साथ जंग में एंटी पर्सनल लैंड माइंस का इस्तेमाल करने की अनुमति देगा।

रूस की तरफ से संभावित हमले को देखते हुए अमेरिका पहले ही सतर्क हो गया था। यूक्रेन की राजधानी कीव स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा था कि उसे रूसी हवाई हमले की संभावना को लेकर महत्वपूर्ण चेतावनी मिली है, जिसके चलते एहतियात के तौर पर दूतावास को बंद कर दिया गया है।

## न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर बम विस्फोट की साजिश!

नई दिल्ली। अमेरिकी पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। अदालत में दाखिल एक दस्तावेज में बताया गया कि अमेरिकी पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर बम विस्फोट की साजिश रचने की फिराक में था।

गिरफ्तार शख्स की पहचान हारुन अब्दुल-मलिक येनर के तौर पर हुई है, जिसकी उम्र 30 साल बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि ये शख्स फ्लोरिडा क्षेत्र का रहने वाला है। हालांकि, ये किसी एक जगह पर नहीं रहता है। संदिग्ध बेघरों के जैसे रहता था। गिरफ्तार शख्स ने अपनी योजना अंडरकवर अधिकारियों के साथ साझा की। महीनों की जांच के बाद गिरफ्तारी संघीय जांच ब्यूरो (स्नक्कढ्ढ) के एजेंटों ने महीने भर की जांच के बाद हारुन अब्दुल-मलिक येनर को गिरफ्तार किया है। कथित तौर पर येनर ने पाइप बम बनाने के लिए विस्फोटक घटकों को खोजने में मदद करने के लिए अंडरकवर एजेंटों से कहा था। हालांकि, आरोपी को ये अंदाजा नहीं था कि जिसे वह मिलिशिया का सदस्य समझ रहा है वह सभी अंडरकवर एजेंट हैं। संघीय जांच ब्यूरो (स्नक्कढ्ढ) की जानकारी के अनुसार संदिग्ध हारुन अब्दुल-मलिक येनर बम विस्फोट का उसका मकसद अमेरिकी सरकार को ÷रीबूट÷ करना था। आरोपी का कहना था कि उसने न्यूयॉर्क में स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग को इसलिए चुना क्योंकि बहुत सारे लोग इसका समर्थन करेंगे।

## पाकिस्तान में आतंकियों ने किया हमला, 32 लोगों की मौत

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमले की घटना सामने आई है. बताया जा रहा है कि इस टेररिस्ट अटैक में 32 लोगों की मौत हो गई है. ये हमला खैबर पख्तूनख्वा के डाउन कुर्रम इलाके में एक पैसेंजर वैन पर हुआ है. हमले में एक पुलिस अधिकारी और महिलाओं समेत दर्जनों लोग घायल भी हुए हैं.



एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में 32 लोगों की मौत हुई है. पैसेंजर वैन जैसे ही लोअर कुर्रम के ओचुट काली और मंदुरी के पास से गुजरी, वहां पहले से घात लगाकर बैठे आतंकियों ने वैन पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं. पैसेंजर वैन पाराचिनार से पेशावर जा रही थी. पाकिस्तान की समाचार एजेंसी डॉन के मुताबिक तहसील मुख्यालय अस्पताल अलीजई के अधिकारी डॉ. ग़यूर हुसैन ने हमले की पुष्टि की है वहीं, पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इस घटना की कड़ी निंदा की और मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की. उधर, पीपीपी ने ङ्ग पर एक पोस्ट में कहा कि निर्दोष यात्रियों पर हमला करना कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य है. पार्टी ने कहा कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए. इसके साथ ही ये मांग की गई है कि घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान की जाए. रॉयटर्स के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्य सचिव नदीम असलम चौधरी ने बताया कि कुर्रम में हुए हमले में मरने वालों में एक महिला और एक बच्चा भी शामिल है. उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी त्रासदी है और मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है. हालांकि अभी तक किसी भी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है. पाराचिनार के एक स्थानीय निवासी जियारत हुसैन ने बताया कि यात्री वाहनों के 2 काफिले थे, एक पेशावर से पाराचिनार और दूसरा पाराचिनार से पेशावर यात्रियों को ले जा रहा था, तभी हथियारबंद लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं.

## भारत के नए सीएजी ने ली शपथ

नई दिल्ली। भारत के नए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के रूप में के संजय मूर्ति ने गुरुवार को शपथ ले ली है। पूर्व उच्च शिक्षा सचिव के संजय मूर्ति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के रूप में शपथ दिलाई। पीटीआई की खबर के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी मूर्ति, गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लेंगे। मूर्ति को सोमवार को केंद्र सरकार ने नया सीएजी नियुक्त किया था।

खबर के मुताबिक, गिरीश चंद्र मुर्मू ने बुधवार को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया।

***राहुल गांधी का बयान, बोले- पीएम मोदी-..***

हम अपना काम कर रहे हैं। हमारा काम भारत के लोगों को जागरूक करना है कि भारत में क्या हो रहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि माधबी बुच अडाणी के शेयर्स को प्रोटेक्ट कर रही हैं। उन्हें तुरंत हटाना चाहिए। ऐसा होता रहा तो देश के रिटेल इन्वेस्टर्स को भारी नुकसान होंगे। वे बर्बाद हो जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष होने के नाते मेरी यह ड्यूटी है कि मैं लोगों को इस बारे में आगाह करूं। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी का सारा सच सामने आ गया है। हमने पूरे देश को दिखा दिया कि इस घोटाले में सेबी चीफ माधबी बुच शामिल थी। माधवी बुच के मामले में यह सबकुछ सामने आ गया है। अभी माधबी बीच को हटाया नहीं गया है। हालांकि, यह पूरी तरह से साबित हो गया है कि माधबी बीच करप्ट हैं। राहुल गांधी ने कहा कि अडाणी और पीएम मोदी के बीच वर्चुअस साइकिल है। पहले ये स्टॉक पेश करते हैं। फिर स्टॉक के हिसाब से लोन लेते हैं मुनाफा कमाते हैं और फिर सरकार बनाते हैं।

बिजली की कीमतों में बढोतरी के लिए अडाणी जिम्मेदार- राहुल गांधी ने कहा कि देश में बिजली की कीमतों में बढोतरी हो रही है, इसकी वजह अडाणी हैं। अगर आप लाइट ऑन करते हैं तो इसका पैसा अडाणी के पास जा रहा है। हमारे लिए रिटेल इन्वेस्टर्स स्टेकहोल्डर्स हैं। रिटेल इन्वेस्टर्स के हितों की रक्षा करने का काम माधबी बुच का है और वह यह काम नहीं कर रही हैं। एफबीआई के मुताबिक, अडाणी ने अमेरिका और हिन्दुस्तान के निवेशकों से झूठ बोला है। उन्होंने क्रिमिनल एक्ट किया है। लेकिन भारत में सेबी ऐसा क्यों नहीं कह रही है।

***गिरफ्तार होंगे इजरायली पीएम...***

जो न्याय के लिए लड़ते हैं.' उन्होंने कहा कि यह गाजा में हमास द्वारा क्रूर कैद में रखे गए 101 इजरायली बंधकों की दुर्दशा को नजरअंदाज करता है। यह हमास द्वारा मानव ढाल के रूप में अपने ही लोगों के निंदनीय उपयोग को नजरअंदाज करता है। यह इस बुनियादी तथ्य को नजरअंदाज करता है कि इजरायल पर बर्बरतापूर्वक हमला किया गया था और अपने लोगों की रक्षा करना उसका कर्तव्य और अधिकार है।' 'जंग खत्म हुए बिना, कैदियों की अदला-बदली नहीं हो सकती'- हमास के कार्यवाहक गाजा प्रमुख खलील अल-हय्या ने एक बयान में कहा कि जब तक फिलिस्तीनी क्षेत्र में जंग खत्म नहीं हो जाती, तब तक इजरायल के

# प्रथम पेज का शेष.....

साथ बंधकों के बदले कैदियों की अदला-बदली का कोई समझौता नहीं होगा। Al-Aqsa टेलीविजन चैनल के साथ एक इंटरव्यू में हय्या ने कहा, 'जंग खत्म हुए बिना, कैदियों की अदला-बदली नहीं हो सकती है।'

***विकास के लिए महत्वपूर्ण कारक है ...***

अध्यक्षता की। उत्तरप्रदेश में जल जीवन मिशन के संचालक अनुराग श्रीवास्तव ने वहां सौर आधारित सफल जल प्रदाय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सौर आधारित जल प्रदाय योजनाओं से उत्तरप्रदेश में अगले 30 सालों में एक लाख करोड़ रुपए की बचत होगी। इन योजनाओं से कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा। ओड़िशा के कोरापुट जिले के कलेक्टर वी. कीर्ति वासन ने ग्रामीण औद्योगिक काम्प्लेक्स के ज़रिए स्थानीय लोगों को रोज़गार से जोड़ने के लिए किए जा रहे नवाचार की जानकारी दी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के नागालैंड के अधिकारी श्री थवासीलन ने अपने राज्य में नागालैंड स्वास्थ्य सुरक्षा सोसाइटी और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के नवाचार को साझा किया। इनके माध्यम से वहां कैशलेस स्वास्थ्य बीमा सुविधा और राज्य से बाहर भी कैशलेस स्वास्थ्य बीमा लोगों को दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में राजस्व विभाग की उपायुक्त सुश्री अलका सिंह ने वहां फरवरी माह से शुरू किए गए साइबर तहसील संबंधी नवाचार से अधिकारियों को रूबरू कराया। वहां 'संपदा' पोर्टल से जमीन की ऑनलाइन रजिस्ट्री और तत्काल नामांतरण किया जा रहा है। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से राजस्व मामलों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। राज्य में लैंड रिकॉर्ड्स के डिजिटलाइजेशन के बाद 13 तहसीलदार 1364 राजस्व न्यायालय संचालित कर रहे हैं 0 आज समापन- क्षेत्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन 22 नवम्बर को सवेरे 10 बजे, चौथा सत्र 'छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोत्तम प्रथाएं' (बेस्ट प्रेक्टिसेस) विषय पर आयोजित किया जाएगा। इस सत्र की अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार करेंगे। पूर्वान्ह 11.30 बजे 'जिलों के समग्र विकास में संतृप्ति दृष्टिकोण' (सेच्युरेशन एप्रोच इन होलिस्टिक डेव्हलपमेंट ऑफ डिस्ट्रिक्ट्स) विषय पर पांचवा सत्र आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह दोपहर 2 बजे से आयोजित इस क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगे।

***दिल्ली चुनाव के लिए आप ...***

आप जॉइन की थी। 0 किराड़ी से अनिल झा आप उम्मीदवार होंगे- 17 नवंबर को बीजेपी के दिग्गज नेता रहे और किराड़ी से दो बार के विधायक रहे अनिल झा ने आप की सदस्यता ले ली थी, इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने अनिल झा को पूर्वांचल का सबसे बड़ा नेता बताते हुए उनका पार्टी में स्वागत किया था। विश्वास नगर से दीपक सिंघला चुनाव लड़ेंगे, रोहतास नगर से सरिता सिंह आप उम्मीदवार होंगी, लक्ष्मी नगर से बी.बी.त्यागी आप उम्मीदवार होंगे। बीजेपी को दिल्ली में एक बड़ा झटका 4 नवंबर को लगा था, जब बीजेपी नेता रहे और दो बार के पार्षद बीबी त्यागी आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे, त्यागी ने मनीष सिसोदिया की मौजूदगी में आप का दामन थामा था। बदरपुर से राम सिंह उम्मीदवार होंगे, सीलमपुर से जुबैर चौधरी आप उम्मीदवार होंगे, सिर्फ बीजेपी ही नहीं, बल्कि कांग्रेस से आप में आने वाले नेताओं को भी टिकट मिला है। कांग्रेस से 5 बार विधायक रहे मतीन अहमद के बेटे चौधरी जुबैर अहमद ने अपनी पत्नी और कांग्रेस पार्षद शगुफ्ता चौधरी के साथ 29 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी जॉइन कर ली थी। सीमापुरी से वीर सिंह धींगान चुनाव लड़ेंगे, कांग्रेस नेता रहे वीर सिंह धींगान ने 15 नवंबर को आप का दामन थाम लिया था। धींगान सीमापुरी से 3 बार विधायक रह चुके हैं, 2020 का विधानसभा चुनाव उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था। घोंडा से गौरव शर्मा चुनाव लड़ेंगे, करावल नगर से मनोज त्यागी आप प्रत्याशी होंगे, मटियाला से सुमेश शौकीन आप के उम्मीदवार होंगे, दिल्ली चुनाव से पहले मटियाला विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व विधायक रहे सुमेश शौकीन ने कांग्रेस का साथ छोड़कर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया लिया था, उन्होंने हाल ही में 18 नवंबर को आप की सदस्यता ली थी

***छत्तीसगढ़ में 5.37 लाख ....***

इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। अधिकारियों ने बताया कि आज 21 नवम्बर को 26501 किसानों से 1.18 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इसके लिए 30828 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 25840 टोकन जारी किए गए है।

## दोहरे ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ब्राउनली ने किया संन्यास का एलान





नई दिल्ली। ट्रायथलॉन में दोहरे ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और दो बार के विश्व चैंपियन ब्रिटेन के एलिस्टेयर ब्राउनली ने 36 साल की उम्र में संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, अब इस अध्याय को यही समाप्त करने का समय आ गया है। ट्रायथलॉन ने मेरी जिंदगी बना दी। मैंने अपने बचपन को उन सपनों को पूरा जिनको देखने का मैंने कभी साहस किया था। जितनी कल्पना की थी, उससे कहीं ज्यादा पाया।

लंदन 2012 में ब्राउनली ने 1500 मीटर की तैराकी, 40 मीटर की बाइक रेस, दस किमी की दौड़ जीती। उनके छोटे भाई जोनाथन ने कांस्य पदक जीता था। उसके बाद रियो डि जेनेरियो में अपने खिताब का बचाव किया। टखने की चोट से प्रभावित रहे ब्राउनली ने कहा कि अब ट्रेनिंग में उसके आसपास नहीं कर पाता जितना पहले मैं कभी कर चुका हूं। उन्होंने कहा कि मैं फिट और स्वस्थ रहकर खेल को अलविदा कहना चाहता हूं न कि चोटिल होकर।

# प्लेसमेंट कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर की अनिश्चितकालीन हड़ताल



खैरागढ़ (दावा)। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने धरना स्थल में जाकर समर्थन देते हुए बताया छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों में कार्यरत हजारों प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतर आए हैं। इस हड़ताल का असर प्रदेश के खैरागढ़ जिले में साफ दिखाई दे रहा है।

**विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने दिया समर्थन**

सफाई, जल आपूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रभावित हुई हैं। कर्मचारियों की मुख्य मांग है कि उन्हें ठेका प्रथा से मुक्त किया जाए और सीधे नगर निगमों से वेतन दिया जाए। इसके साथ ही, वे श्रम सम्मान राशि और नियमितीकरण की मांग भी कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे कई सालों से अस्थायी तौर पर काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें स्थायी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिलती हैं। इस हड़ताल के बावजूद, राज्य सरकार की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने हड़ताली कर्मचारियों का पंडाल में जाकर समर्थन करते हुए सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव के दौरान प्लेसमेंट कर्मचारियों को 100 दिन के अंदर में नियमित करने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आये 9 माह को गया है वादे को पूरा नही कर पाया है।

मनराखन देवांगन ने कहा प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। शहरों में सड़कों पर गंदगी फैल रही है, जल आपूर्ति बाधित हो रही है और अन्य कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। लोग सरकार से इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग कर रहे हैं। मनराखन देवांगन ने कहा इस समस्या का समाधान निकालने के लिए सरकार को कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार करना होगा। कर्मचारियों को स्थायी किया जाना चाहिए और उन्हें उचित वेतन और सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। इसके साथ ही, नगर निगमों को भी मजबूत बनाया जाना चाहिए ताकि वे शहरों को बेहतर ढंग से संचालित कर सकें। हड़ताल में नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, पार्षद दिलीप लहरे सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# एनएसएस शैक्षणिक जीवन को बेहतर बनाता है - राजेश श्यामकर



**महाविद्यालय द्वारा ग्राम सलोनी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना**

उपरवाह (दावा)। घुमका महाविद्यालय द्वारा ग्राम सलोनी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का कैम्प लगाया गया है। जिसका उद्घाटन सोमवार को जिला पंचायत सदस्य व घुमका महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेश श्यामकर के मुख्यअतिथि में सम्पन्न हुवा। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्यतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने कहा की एनएसएस गतिविधियों के तहत विभिन्न कार्यों के लिए स्वयंसेवा करने से छात्रों को आत्मविश्वास मिलता है।

नेतृत्व कौशल विकसित होता है और जीवन के विभिन्न क्षेत्रो के विभिन्न लोगों के बारे में जानने का मौका मिलता है।

राजेश श्यामकर ने एनएसएस के छात्रों से कहा की इस सात दिन में गाँव के नागरिक को एक एक नौजवानों को जागरूक कर उनके प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे यह योजना सन 1969 में शुरू हुवा था। इसका यही उद्देश्य है की छात्र शिक्षा व खेल के साथ इस देश में एक नई क्रांति के साथ देश की सेवा करे ऐसी योजना को लेकर इस एनएसएस का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान घुमका महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सत्येंद्र त्रिपाठी, सलोनी सरपंच रतन यादव, सलोनी हाई स्कूल के प्रचार्य दीपक सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य दिलीप पटेल, घुमका मंडल उपाध्यक्ष नोहेन्द्र सिन्हा, घुमका मंडल मिडिया प्रभारी तिलेश्वर सिन्हा, माध्यमिक शाला प्रधानपाठक तुकाराम साहू, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक छत्रपाल धन्यकर सहित छात्र छात्राएं शिक्षकगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मनोज राजपूत ने नेशनल मैन फिजिक्स में जीता रजक पदक



राजनांदगांव (दावा)। हैदाराबाद में आयोजित मैन फिजिक्स टूनामेन्ट में सिल्वर मैडल जीता (माँ स्टार फिनटेश जिम) माँ स्टार फिटनेश जिम के मनोज राजपूत ने हैदाराबाद में आयोजित मैन फिजिक्स में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

विगत दिनों में हैदराबाद में सम्पन्न हुए मशल मिनिया कॉम्पीटिशन दिनांक 26 से 29 अक्टूबर 2024 में आयोजित मैन फिजिक्स टूनामेट शहर व माँ स्टार फिटनेश जिम के खिलाड़ी ने जीता रजक पदक प्राप्त किये। कोच नारायण लोहार ने बताया कि 200 प्रतिभागी शामिल हुए थे जिसमें मनोज राजपूत ने उमदा प्रदर्शन कर जज रैफरियों और पब्लिक को आकर्षित करते हुए सिल्वर मैडल प्राप्त कि ये। ये हमारे माँ स्टार फि टनेश जिम के लिए गौरव की बात है। हाल ही में हुए इंटर कॉलेज बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता दुर्ग में आयोजित हुआ। जिसमें मैडल जीत कर शहर व जीम का नाम रोशन किया।

माँ स्टार फिटनेश जिम के सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाए दिये। जिनके नाम निम्न है- डॉ. सजीव जैन, राज भारती, आकाश सोनी, देव, संजीवन, डिकेश राज चतुर्वेदी, युवराज प्रताप, रवि रन्सूरे, मुकेश सुनवानी, सचिन, शास्वत पाठक, गायत्री विश्वकर्मा, नेहा नामदेव, नूपूर नामदेव, निशा यादव, ने दी। यह जानकारी नारायण लोहार द्वारा दी गई।

# वनांचल में रंगारंग प्रस्तुति के साथ मना बाल दिवस

बांधाबाजार (दावा)। वनांचल के आदिवासी बाहुल्य नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में कार्यरत समग्र सृष्टि समाजसेवी संस्था ग्राम दक्कोटोला तहसील अंबागढ़ चौकी द्वारा 14 नवंबर को बाल दिवस के पावन अवसर पर बाल दिवस का कार्यक्रम संस्था के समुदायिक सीख केंद्र सुरता से सृजन के प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती सुनंदा मोहुर्ले एवं मुख्य अतिथि मुख्य मृगेंद्र भाई लखनऊ उत्तरप्रदेश तथा नीरज भाई झुंझुनू राजस्थान इसके अलावा सुश्री फेलीता वेगस मुंबई के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ।




संस्था के समन्वयक जयदेव मोहुरले ने प्रस्ताविक उदबोधन में संस्था के कार्य गतिविधि एवं कार्यक्रम आयोजन पर प्रकाश डालते डाला गया। इस अवसर पर बच्चों ने चाचा नेहरू के जीवन चरित्र को अपने शब्दों में जन मानस के मध्य में रखें। बच्चों ने बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की चित्रकारी बनाने का कार्य किए हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मृगेंद्र भाई ने अपने उद्बोधन में पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों का चाचा क्यों कहते हैं उनकी मनपसंद एवं उनका लगाओ बच्चों के प्रति क्यों था उन्हें कौन सी चीज पसंद थी इस पर मार्गदर्शन किया। इसके अलावा कार्यक्रम में सहभागी सुश्री फैलीता वेगस ने सार गर्भित विवेचन से बच्चों का मन मोह लिया। तथा नीरज भाई ने छत्तीसगढ़ में पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान की जानकारी प्रस्तुत किया। बच्चों ने अपने रंगारंग प्रस्तुति में कविता गीत चित्रकारी के माध्यम से सभी का मन मोह लिया है। कार्यक्रम के अंत में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती सुनंदा मोहुरले ने बच्चों को संस्था के तरफ से निःशुल्क पठन-पाठन सामग्री का भी वितरण किया गया है। तथा अध्यक्ष महोदय श्रीमती सुनंदा मोहुर्ले ने भारतदेश के विभाजन के दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरू के महत्वपूर्ण भूमिकाओं के बारे में भी जानकारी दिया। नेहरू जी के शिक्षा दीक्षा को लेकर बच्चों के मन में शिक्षा के प्रति अलग जगाने हेतु शिक्षाप्रद बातें बताकर मार्गदर्शन किया है। बच्चों को चाचा नेहरू के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को नई दिशा देने के लिए अपनी दशा को सुधारने की आवश्यकता बताइ है।

# वर्ल्ड फुनाकोशी कराटे चैंपियनशिप में युगांत मेश्राम को मिला गोल्ड मेडल



डोंगरगढ़ (दावा)। कराटे खिलाड़ी युगांत मेश्राम पिता नरेंद्र मेश्राम ने गोवा में आयोजित वर्ल्ड फुनाकोशी कराटे चैंपियनशिप में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता।फुनाकोशी गिचिन कप कराटे विश्व चैंपियनशिप, कराटेडो के संस्थापक सुप्रीम मास्टर फुनाकोशी गिचिन की याद में आयोजित किया जाने वाला एक टूर्नामेंट है।

यह टूर्नामेंट हर तीन साल में दुनिया भर के कई देशों में आयोजित किया जाता है. इस टूर्नामेंट का आयोजन कराटेडो के सही प्रसार को बढ़ावा देने और विश्व शांति में योगदान देने के लिए किया जाता है।

वर्ल्ड फुनाकोशी कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता गोवा मे आयोजित किया गया था। युगांत मेश्राम का पहला मैच दक्षिण कोरिया के खिलाड़ी से हुआ। दूसरा मैच केन्या के खिलाड़ी से हुआ। दोनों ही मैच में जीत हासिल कर युगांत ने भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता।उनके जीत में शामिल होते हुए भारत के जाने माने अभिनीत सुमन तलवार ने भी बधाई दी।और दूसरे देशो से आए जज कोच और खिलाड़ियों ने भी उनके खेल की सराहना की। प्रतिभावान कराटे खिलाड़ी युगांत मेश्राम के गोल्ड मैडल जितने पर शहर के गणमान्य लोगों ने बधाई देते हुए कहा कि नगर के लिए बड़ी खुशी की बात है। और हमारे छत्तीसगढ़ के लिए भी बड़े गौरव की बात है।

# कलेक्टर जनदर्शन में समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये

**मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतो, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर जनदर्शन में आज 10 आवेदन प्राप्त हुए।**



प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर जनदर्शन में आज जिले के विकासखंड मानपुर अंतर्गत ग्राम भावसा के समस्त ग्रामवासियों ने नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोलने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। ग्रामवासियों ने आवेदन देते हुए बताया कि भर्रीटोला सोसाइटी के अन्तर्गत 13 पंचायत एवं 2800 कृषक है। कृषकों की संख्या अधिक होने के कारण किसान अपना धान विक्रय नहीं कर पाते है। इसी प्रकार वि.ख. मोहला अंतर्गत ग्राम उरवाही के समस्त ग्रामवासियों ने नल-जल योजना अंतर्गत अव्यस्था की समस्या से निजात पाने के संबंध में आवेदन दिया। इसी प्रकार वि.ख. अं.चौकी अंतर्गत बांधाबाजार निवासी गणेश राम ने बैंक प्रबंधक की मनमानी के संबंध में आवश्यक कार्यवाही तथा अपनी समस्या के समाधान के संबंध में कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया।

इसी प्रकार फ्लावर वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल मानपुर के प्राचार्य ने लोकसभा चुनाव 2024 में लगाए गये वाहन बस का किराया देने के संबंध में एवं बागदो तह. मोहला के कृषकगण ने मुआवजा राशि दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। इसी प्रकार जिले के अन्य आवेदको ने अपने आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याओं से निजात पाने कलेक्टर से गुहार लगायी है।

# गाय का गोबर उठाने से मना करने पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज कराई

डोंगरगढ़(दावा)। प्रार्थी रोशन डहरिया 43 वर्ष पिता प्रताप डहरिया निवासी ग्राम सलटिकरी ने पुलिस को बताया कि,वह खेती किसानी का काम करता है। गत 19 नवंबर को सुबह सभी गांव के गाय को चराने का आज मेरा नंबर था, गाय को चराने जा रहा था, तो मोना बघेल गौठान में गोबर उठा रही थी। जिसे गोबर उठाने से मना किया तो वह बोली की गोबर उठाना बंद नहीं करूंगी।

मेरा क्या बिगाड़ लोगे, कहकर गाली गलौच कर रही थी, तो मैं बोला की गाली गलौच करेंगी तो मैं थप्पड़ मार दूंगा। शाम को 6.30 बजे मैं बाजार चौक में खड़ा था। सुबह की बात को लेकर मोना का पति दुर्गेश बघेल व मोना मेरे पास आकर मुझे मां बहन की गाली गुप्तार कर कर रहे थे। जान से मारने की धमकी देते हुये दोनों एक राय होकर हाथ मुक्का से मारपीट किये। मारपीट करने से मेरे बाए गर्दन एवं बाए पसली व दाहिने पैर का घुटने में चोट लगकर दर्द हो रहा है। मारपीट के घटना को टुमनलाल मंडले वहा पर उपस्थित देखे व सुने बीच बचाव किये है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हेतु आवेदन आमंत्रित

मोहला (दावा)। मोहला-मानपुर-अं.चौकी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक और योग्य छात्र-छात्राएं 11 नवंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में किसी भी प्रकार की त्रुटि को सुधारने के लिए 11 से 19 दिसंबर 2024 तक का समय दिया गया है। प्रवेश परीक्षा 19 जनवरी 2025 रविवार को आयोजित की जाएगी।

# किसानों की सुविधा के लिए जिले में माइक्रो एटीएम की नई सुविधा की शुरूआत

राजनांदगांव (दावा)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। जिले के 96 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य तेज गति से जारी है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में नई सुविधा की शुरूआत की गई हैं। धान उपार्जन केन्द्रों में माईक्रो एटीएम लगाये गए हैं। माइक्रो एटीएम में प्रतिदिन 10 हजार रूपए अधिकतम आहरण की सीमा निर्धारित है। जिले के किसानों में माइक्रो एटीएम के माध्यम से शीघ्र राशि मिल जाने पर खुशी एवं उत्साह है। किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी तथा धान उपार्जन केन्द्रों में अच्छी सुविधाएं मिलने पर शासन को धन्यवाद दिया। सभी समितियों में माइक्रो एटीएम का अच्छी तरह का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। राजनांदगांव जिले में अब तक 450 किसानों द्वारा 22 लाख रूपए का लेन-देन किया जा चुका है। माइक्रो एटीएम में किसानों द्वारा नगद आहरण, जमा, खातों के बैलेंस की जानकारी, नया एटीएम पिन बनाना तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के खातों में राशि ट्रांसफर की सुविधा उपलब्ध है। माइक्रो एटीएम नार्मल एटीएम की तरह कार्य करता है। सोसायटी का माइक्रो एटीएम में आईडी एवं पासवर्ड एंटर करने के बाद यह कार्य करता है, इसके माध्यम से किसानों को राशि आहरण की सुविधा मिल रही है।



- राजनांदगांव जिले में अब तक 450 किसानों द्वारा 22 लाख रूपए का किया गया लेन-देन
- धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ में किसानों में धान उत्सव को लेकर हर्ष व्याप्त
- किसानों ने धान उपार्जन केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा की

धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ में किसानों में धान उत्सव को लेकर हर्ष व्याप्त है। ग्राम धौराभांठा से किसान सिमरन जीत 120 क्विंटल धान बिक्री के लिए लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि तुमड़ीबोड़ में इलेक्ट्रानिक कांटा बाट के माध्यम से धान की तौलाई की जा रही है। वे अपने पिता जतिन्द्र सिंह के साथ आए थे। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों का धान खरीदने से किसानों को एक संबल मिला है। उन्होंने इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को शुक्रिया कहा। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा की। यहां साफ-सफाई पेयजल की बहुत अच्छी व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि रबी सीजन में गेहूं एवं चना की फसल लेंगे। ग्राम बांकल से आए किसान दिलीप पाल ने कहा कि वे 46 क्विंटल धान बिक्री के लिए लेकर आए हैं। धान की बिक्री करने के बाद प्राप्त राशि से उनकी आजीविका के साथ ही खेती-किसानों के अन्य कार्य में यह राशि मददगार बनेगी। किसान लेखन राम सिन्हा 62 क्विंटल धान लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से ऑनलाईन टोकन कटाने से उन्हें लंबी लाईन लगाने से मुक्ति मिली और यह सुविधाजनक रहा। ग्राम खैरी से आए किसान प्यारे लाल वर्मा एवं धौराभांठा से आए किसान मोहन ने वहां उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ अंतर्गत ग्राम आरगांव, आलीखूटा, कोपेडीह, खैरी, गिधवा, तिलईवार, तुमड़ीबोड़, धनगांव, धौराभांठा, पेटेश्री, बम्हनी, बरहापुर, बांकल, बोदेला, मचानपार, सिवनीखुर्द ग्राम शामिल है। धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 2181, कुल रकबा 2445.149 हेक्टेयर, धान का रकबा 2337.019 हेक्टेयर है। किसानों को यह जानकारी दी जा रही है कि किसान अपनी टोकन पर्ची, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, बैंक का पासबुक की प्रति लेकर आए। धान उपार्जन केन्द्रों में मोटा, सरना एवं पतला धान की खरीदी की जा रही है। सभी धान उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत कृषकों से बायोमैट्रिक आधार एथेन्टीकिकेशन के माध्यम से खरीदी की जा रही है।

# महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साए में चुनाव हुआ संपन्न

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ के मोहला, मानपुर-अंबागढ़, चौकी जिले के सीमावर्ती महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साए में महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव संपन्न हुआ। जहां 68-गढचिरौली, 69- अहेरी और 67-आरमोरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रक्रिया प्रभावी तरीके से शांतिपूर्ण संपन्न किया गया।

उल्लेखनीय कि, गढ़चिरौली जिला माओवाद प्रभावित जिला है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर माओवादी सुरक्षा बलों पर हमला करने, विस्फोट के साथ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश में लगे रहे। लेकिन सुरक्षाबलों की मौजूदगी के चलते नक्सली चुनाव के दौरान किसी भी तरह की घटना को अंजाम नहीं दे पाए। इस चुनाव के अनुरूप मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए गढ़चिरौली पुलिस बल दिन-रात मुस्तैद रही, इसके अलावा मोहला, मानपुर- अंबागढ़, चौकी जिले की भी फोर्स सीमा में तैनात थी।

## वोटिंग संपन्न होने के बाद वापिस लौटा मतदान दल

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल/राज्य सशस्त्र पुलिस बल (सि.ए.पी.एफ/ एस.ए.पी.एफ) की 111 कंपनी के साथ ही नागपुर शहर, महाराष्ट्र पुलिस अकादमी, नाशिक और पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, नागपूर जैसे विभिन्न स्थानों से कुल 500 पुलिस अधिकारी गढ़चिरौली जिले के 700 से अधिक गृह रक्षक सुरक्षा कर्मियों सहित कुल 16 हजार से अधिक सुरक्षा कर्मियों को जिले के पूरे मतदान केंद्र पर तैनात किया गया था।



## केंद्रीय सशस्त्र बल ने चलाया माओवादी अभियान

गढ़चिरौली जिले के 367 अति संवेदनशील मतदान केंद्रो पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सी-60/सीआरपीएफ-क्यु.ए.टी./ वि.कृ.द./ क्यु.आर.टी की 36 स्कॉड के माध्यम से जिले के संवेदनशील वन क्षेत्र सें माओवादी विरोधी अभियान चलाया गया। इसके साथ ही जिले के सभी मतदान केंद्रों पर हवाई मार्ग से सूक्ष्म निगरानी के लिए 130 अत्याधुनिक ड्रोन के साथ नजर रखी गई।

## एंटी ड्रोन गन किया गया था तैनात

माओवादियों को जमीन के साथ-साथ आसमान से ड्रोन से जवाबी हमला करने के लिए 5 एंटी ड्रोन गन तैयार रखा गया था. चुनाव के दौरान मतदान केंद्र तक आने- जाने के लिए उपयोग किए जाने वाले मार्ग पर डीएसएमडी/वाहन का उपयोग करते हुए 750 किमी. रोड ओपनिंग अभियान चलाया गया। इसके साथ ही भारतीय वायुसेना के 03 एमआय 17 और भारतीय लश्कर के 2 एएलएच जैसे 5 हेलीकॉप्टर के साथ-साथ गढचिरौली पुलिस बल की दो हेलीकॉप्टर मदद मे तैनात किए गए थे।

## वायु सेना के हेलीकॉप्टर से पहुंचाए गये मतदान दल

गढ़चिरौली जिले के सिमावर्ती इलाकों और तेलंगाना और छत्तीसगढ के निकटवर्ती जिलों की मदद सें बडे पैमाने पर माओवाद विरोधी अभियान चलाया गया इसके साथ ही भारतीय वायु सेना के एमआई 17 हेलीकॉप्टर की मदद से 211 मतदान केंद्रों मे 650 मतदान कर्मियों को हवाई मार्ग से मतदान केंद्रों पर भेजा गया।

# शोक कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक भोलाराम साहू



राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू आज खैरागढ़ पहुंचकर अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। खैरागढ़ के पूर्व विधायक गिरवर जंघेल के पिता 113 वर्षीय लतमार जंघेल का आकस्मिक निधन होने पर विधायक खुज्जी भोलाराम साहू ने उनके गृहग्राम पहुंचकर अन्तेष्टि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं अपनी गहरी सवेंदनाएं व्यक्त किए तथा ईश्वर से प्रार्थना किए कि दिवंगत के पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक संतृप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में शक्ति प्रदान करें।

इस कार्यक्रम में नीलांबर वर्मा खैरागढ़, राजू सिन्हा कांग्रेस कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, मनोज सिन्हा पूर्व सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग एवं विभिन्न समाज के पदाधिकारीगण, जंघेल परिवार तथा समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# निगम ने गुरूद्वारा चौक में अतिक्रमण कर पसरा लगाने वाले को हटाये

## जी.ई.रोड जिला न्यायालय के पास लगे ठेला खोमचा व ममता नगर मार्ग से अतिक्रमण हटाने दी समझाईस



राजनांदगांव (दावा)। शहर में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम के अतिक्रमण दस्ता को निर्देश दिये थे, निर्देश के अनुक्रम में आज कार्यपालन अभियंता व भवन अधिकारी यू.के.रामटेके एवं टीम गुरूद्वारा चौक में अतिक्रमण कर पसरा लगाकर उनी वस्त्र बेचने वालों को समझाईस देकर हटाने की कार्यवाही किये। इसके अलावा जी.ई.रोड जिला न्यायालय के आस पास रोड में ठेला खोमचा वालों को तथा ममता नगर मार्ग से अतिक्रमण हटाने समझाईस दिये।

शहर के चौक चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला खोमचा लगाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखकर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत पसरा हटाने तथा ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिये। निर्देश के अनुक्रम में आज भवन अधिकारी श्री रामटेके व निगम का दल गुरूद्वारा चौक में रोड पर पसरा लगाकर उनी वस्त्र का विक्रय किया जा रहा था, जिससे यातायात बाधित हो रही थी, उन्हें हटाने की कार्यवाही की और उन्हें शिवाजी पार्क के आसपास तथा शीतला मंदिर मार्ग में एक किनारे लगाने समझाईस दिये।

इसी प्रकार जी.ई.रोड में कलेक्ट्रेड एवं न्यायालय के पास मेन रोड में ठेला खोमचा लगाने वालों को भी हटाने समझाईस दी गई, नही हटाने पर निगम द्वारा हटाकर जुर्माना लगाया जायेगा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा के निर्देश पर भदौरिया चौक से ममता नगर अण्डर ब्रिज मार्ग में रोड तक फैलाकर पसरा व दुकान लगाने वाले लोगों को नोटिस एवं समझाईस देने की कार्यवाही की जा रही है। नोटिस उपरांत नही हटाने पर निगम की टीम द्वारा जप्ती कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपील करते हुये कहा है कि शहर के चौक चौराहो एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी उससे पूर्व हटा लेवें अन्यथा बिना सूचना के हटाने की कार्यवाही की जावेगी। अतिक्रमण हटाने के दौरान उप अभियंता अनिमेष चंद्राकर व अनुप पाण्डे, राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर, प्र.पटवारी मिलीन्द रेड्डी व गणेश झा सहित अतिक्रमण दस्ता उपस्थित था।

# आयुक्त विश्वकर्मा आज सुबह पहुंचे वार्डों में सफाई देखने

## नंदई, गंज चौक, पुराना बस स्टैण्ड में साफ-सफाई देख हाजरी रजिस्टर की किये जॉच



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आज सुबह आकस्मिक रूप से साफ सफाई देखने वार्डो में पहुँचे और नंदई, गंज चौक, लोहार पारा, पुराना बस स्टैण्ड में सफाई का निरीक्षण कर हाजरी रजिस्टर की जॉच किये और निर्धारित समय तक साफ सफाई करने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा नंदई चौक में साफ सफाई का निरीक्षण कर चौक एवं सड़क की नियमित सफाई करने, कचरा प्रतिदिन उठाने निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव से कहा कि नंदई के मुक्कड में एक किनारे कचरा एकत्रित कराये और उसे तत्काल उठाये, जिससे यातायात बाधित न हो। उन्होंने नंदई फ्लाई ओव्हर के नीचे डिस्पोजल, झिल्ली पन्नी देख गैंग लगाकर सफाई कराने निर्देशित किये तथा संबंधित को नोटिस जारी करने कहा, अपालन पर जप्ती एवं अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिये।

आयुक्त ने गंज चौक में साफ सफाई देख कहा कि इसी प्रकार प्रतिदिन सफाई करे और चौक चौराहों के नाली नालो व सडकों की अच्छे तरीके से सफाई कराये। उन्होंने पुराना बस स्टैण्ड में साफ सफाई देख प्रतिदिन कचरा उठाने निर्देशित किये, बस स्टैण्ड में झिल्ली पन्नी पाये जाने पर नागरिकों से चर्चा कर साफ-सफाई रखने, दुकानदारों से झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने समझाईस दिये। उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जॉचकर कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक सफाई कार्य करेंगे बिना कारण अनुपस्थित नहीं रहेगे।

भरकापारा एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर सेन्टर बंद पाये जाने तथा साफ-सफाई के अभाव में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सेन्टर प्रभारी को समय में सेंटर खोलने, प्रतिदिन सफाई करने, कचरा पृथककरण करने कड़ाई से निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि घर घर कचरा संग्रहण गाडी समय पर वार्डो में निकले एवं शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें। उन्होंने सेन्टर के बाहर नल का पानी बहने पर टोटी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सेन्टर के काम में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने पुराना बस स्टैण्ड स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर सुलभ के संचालक को कहा कि सुलभ में साफ सफाई के अलावा उपयोग करने वालों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जावे।

# लोहमर्षक घटना को जीवंत कर देने वाली फिल्म को टैक्स फ्री करने पर मुख्यमंत्री का साधुवाद: सांसद संतोष पांडे

## सांसद संतोष पांडे ने भाजपा नेताओं के साथ देखा 'द साबरमती रिपोर्ट'




राजनांदगांव (दावा)। लोहमर्षक सच्ची घटना पर बनी द साबरमती रिपोर्ट फिल्म इन दिनो सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफार्म पर ट्रेड किए हुए है। द साबरमती रिपोर्ट को देखने लोगों में उत्साह चरम सीमा पर है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने द साबरमती रिपोर्ट देखी और विषय के महत्व को देखते हुए इस फिल्म को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने का ऐलान किया है।

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के फायरब्रांड सांसद संतोष पांडे अपने ओजस्वी भाषण के अलावा सभी विषयों पर अपनी तत्परता व बेबाक राय रखने के लिए प्रसिद्ध हैं। सांसद संतोष पांडे ने शहर के मंडी माल में स्थित सिनेमा हाल में भाजपा के नेताओं के साथ द साबरमती रिपोर्ट देखी। द साबरमती रिपोर्ट फिल्म के संवेदनशील विषय व कलाकारों के जीवंत व उत्कृष्ट अभिनय का आलम यह रहा कि कई अवसरो पर सांसद संतोष पांडे व भाजपा नेताओं के आँखें भाव विभोर हो आँसू से डबडबा गए और तत्कालीन घटना को जीवंत महसूस किया। सांसद संतोष पांडे ने इस अवसर पर कहा कि द साबरमती रिपोर्ट फिल्म के संवेदनशील व आँखें खोल देने वाली सच्चाईयुक्त अभिनय को सभी लोग जरुर देखें।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक शर्मा, सुरेश एच लाल, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, विनोद खांडेकर, नरेश बैद पतली, बालू भंसाली, किरण साहू, प्रदेश मंत्री भाजयुमो आलोक श्रोती, मंडल अध्यक्ष अजय पटेल, खम्मन ताम्रकार, अतुल रायजादा, रामकुमार गुप्ता, भागवत शरण सिंह, देवशरण सेन, रघुवीर वाधवा, सागर वर्मा आदि उपस्थित थे।

**प्लॉट बेचना है**

**राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट**

रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध

- : संपर्क :-
62641-56342

# आज डॉ. रमन सिंह शहर में, विभिन्न कार्यक्रमों में होगे शामिल



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एक दिवसीय प्रवास पर आज अपने निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव आ रहे है, वे इस दौरान अखिल भारतीय शालेय खेल-कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाग लेंगे व अनेक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह सुबह 10.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12.00 बजे दिग्विजय स्टेडियम आयेंगे। जहां 68वीं अखिल भारतीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाग लेकर दोपहर 1.00 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव पहुंचेंगे, जहां स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे। वे शाम 4.00 बजे एक बैठक में भी भाग लेंगे तथा रात्रि 8.15 बजे पृथ्वी पैलेस शिवनाथ नदी के पास दुर्ग में एक वैवाहिक समारोह में भी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद रायपुर के लिये प्रस्थान कर जायेंगे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com